श्री गोरक्ष तंत्रम्

रचना : योगी विलासनाथ

प्रकाशक–अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ योगी महासभा
गुरु गोरक्षनाथ मंदिर, अपर रोड, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) ☎ 01334–226583

श्री नाथ सिद्ध गोरक्ष यन्त्रम्

चित्राकंन : योगी विलास नाथ (संदर्भ–श्री गोरक्ष तंत्रम्)
प्रकाशक–अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ योगी महासभा
गुरु गोरक्षनाथ मन्दिर, अपर रोड, हरिद्वार
फोन : 01334–226583

श्री गोरक्ष तन्त्रम्

मंत्र तंत्र योग उपासना

(हिन्दी अनुवाद एवं पाठ विधि)

रचना :

महन्त डॉ. योगी विलासनाथ

सम्मानित उपाधि डॉक्टर ऑफ फिलोसोफी (जर्मन–यूरोपियन यूनियन)

© सर्वाधिकार सुरक्षित

प्रकाशक :

अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ योगी महासभा

गुरु गोरक्षनाथ मन्दिर (अखाड़ा)

अपर रोड हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

फोन-01334-226583

Website : http://.yogigorakshnath.org

E-mail : guruyogivilasnathji@gmail.com, yogivilasnath12@gmail.com

श्री बाबा मस्तनाथ मठ अस्थल बोहर

जिला रोहतक (हरियाणा)

14 जनवरी 2013 प्रयागराज महाकुम्भ

द्वितीय संस्करण-2000 प्रति] [मूल्य : 80/-

इस पुस्तक के किसी भी भाग एवं अंश की नकल करना गैर कानूनी होगा।

आशीर्वचन

अध्यक्ष

उपाध्यक्ष

महामंत्री

प्रिय शिष्य योगी विलासनाथ

शुभ आशीर्वाद

''श्री गोरक्ष तन्त्रम्'' यह ग्रंथ को देखते हुये अती प्रसन्नता हो रही है कि इस रचना में नाथ सम्प्रदाय की मर्यादा एवं परम्परा के अनुरूप गुप्त एवं गुढ़ विद्या जो की तंत्र-मंत्र-यंत्र-योग साधना के माध्यम से श्री गोरक्षनाथ जी की उपासना करने का सुनहरा अवसर पाठयगणों-साधकों एवं भक्त गणों को दिया गया है। यह एक उत्कृष्ट उपलब्धी जन मन कल्याण हेतु की गयी है। इस ग्रंथ की उपासना करने पर नाथ सिद्धों को अदृष्य शक्तियाँ, दैवी शक्ति एवं गुप्त शक्तियाँ प्रगट होकर साधक के मनोरथ पूर्ण करेगी।

यह नाथ योग विषय में जो ग्रंथ लिखा गया है। इससे यह ज्ञात होता है कि नाथ सिद्ध तन्त्र, मन्त्र, यन्त्र, योग उपासनायें तथा अठारह भार वनस्पति आदि संशोधन करने पर ही सर्व प्रकार से पूर्ण विद्या हासिल होती है। जो कि एक-एक मन्त्र सिद्धि प्राप्त करने हेतु 12-12 साल वन गुफाओं में रहते हुये कन्द मूल वनस्पतियाँ सेवन करके एक योग का आसन सिद्ध होता है और एक मन्त्र की सिद्धता होती है। एक वनस्पति 12 साल सेवन करने से नियमानुसार उसके चार्तुमास करके बारह साल पूर्ण होकर कायाकल्प होता है। कायाकल्प मतलब 100 से 125 वर्ष की आयु में पहुँचकर पुनः बारह साल की आयु की अवस्था आ सकती है। जैसे की श्रीगुरु गोरक्षनाथ, नवनाथ चौरासी सिद्धों ने उपासना करके चार युगों के पूर्व सभी सिद्धियाँ प्राप्त करते हुये जोकि अनीमा गनीमा इत्यादि सिद्धियाँ तथा जारण मारण उच्चाटन इत्यादि षड्कर्म एवं परकाया प्रवेश, कायाकल्प इत्यादि सिद्धियाँ प्राप्त करके 33 कोटी देवी देवता को सशरीर सस्वरूप से प्रगट

करते हुए उनको सृष्टि कार्य करने में प्रवृत्त किया और गुणानुसार रज-सत्व-तम गुण विशिष्ट मूर्तिमन्त प्रगट करते हुये उन देवी देवताओं को कार्यानुरूप स्वयं सिद्धि प्राप्ति की जिस प्रकार जो भी इच्छा हुई उस प्रकार देवता का आवाहन करके यह सृष्टि निर्माण की सिद्धियाँ और वनस्पतियों के मूल बीज रूप अस्तित्व को प्राप्त करते हुये कायाकल्प में उपयोग किया इसलिये नाथ योग दृष्टिगोचर इहलोक से लेकर ब्रह्मलोक तक के जीव ब्रह्म ऐक्य भाव को प्राप्त करते हुये सभी के ऊपर प्रभुत्व कायम किया अत: यह नाथ योग प्राप्त होने पर किसी भी प्रकार से अन्य योग की आवश्यकता नहीं है। यह त्रिकाल ब्रह्म सत्य है।

अत: साधु सन्त एवं नाथ सिद्ध योगेश्वरों तथा सद्गुरु जी के आशीर्वाद कृपा से यह एक अनुठा प्रयास किया गया है जिसमें नाथ सम्प्रदायके दादा गुरु मत्स्येन्द्रनाथजी की कुलाकुल विद्या एवं गुरु गोरक्ष नाथ जी की तंत्र-मंत्र कुण्डलीणी योग का समिस्र अविष्कार किया गया है। जोकि इसे ग्रन्थ पठन-पाठन एक साधना कृतित्व उपासना करने पर नाथ सम्प्रदाय के योगेश्वर एवं अन्य धर्मानुरागी भक्तगण शिष्यगण कृतकृत्य हो जायेंगे। जिसमें गुरु गोरक्षनाथ ९ नाथ ८४ सिद्धों के सभक्तिपूरक उपासना का सहज सुलभ तथा पूर्ण रूप से मार्ग दर्शक होगा इस उपासना में साधक भक्त गणों के अपेक्षाओं की पूर्ति होकर मनोरथ पूर्ण होगे विक्षिप्त विद्यायें जो नकारात्मक, दु:खदायक देने वाले अतृत्प आत्मायें विशुद्ध शक्तियाँ इत्यादि से पूर्ण संरक्षण होकर धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, मुक्ति की प्राप्ति होगी इस ग्रंथ उपासना निस्वार्थ भक्ति भाव से करने पर गुरु कृपा होकर मोक्ष मुक्ति पथ पर भी जा सकते है।

इस ग्रंथ में श्री ॐकार आदिनाथजी ने उदयनाथ पार्वती जी को दिया हुआ गुरु गोरक्षनाथ तन्त्र उपासना का विस्तृत ज्ञान बड़े ही सजिन्दा ढंग से प्रस्तुत किया गया है। जोकि नाथ सम्प्रदाय की गुरु शिष्य प्रणाली-मर्यादा और संस्कार की अखण्डता रखने का एक अनुठा प्रयास किया गया है।

अत: गुरु शिष्य परम्परा ही मोक्ष मुक्ति साधन है। यह शुभकामना करते हुये पुन: पुन: आशीर्वाद देता हूँ कि गुरु गोरक्षनाथ जी की अनुकम्पा से लेखक यह कार्य उत्तरोत्तर सफल करता रहे।

इति शुभम्

योगी आनंदनाथ जी

(प्रधान महामंत्री)

अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ योगी महासभा, हरिद्वार

मनोगत

समस्त नाथ सम्प्रदाय एवं उनकी सभी तंत्र-मंत्र-उपासनायें तथा ज्ञान योग, शून्ययोग, भक्तियोग, कर्मयोग इत्यादि ध्यान धारणा समाधि अपितु मोक्ष मुक्ति तक सभी पक्ष में गुरु गोरक्षनाथ जी के आशीर्वाद कृपा बिना तथा सद्गुरु कृपा बिना अशक्य है यह गुरु शिष्य परम्परा, नाथ संस्कृति में त्रिवार सत्य एवं मान्य है। अतः साधु सन्तों-नाथ सिद्धों की योग प्रणाली हो या तंत्र मंत्र क्रिया कर्म-कांण्डादि योग हो अथवा उनका भक्ति योग हो सिद्धियाँ प्राप्ति हो उसी प्रकार गृहस्थ भक्त नाथ-धर्म अनुयायी के अपेक्षित कार्य-सफलता-संकटों से सुरक्षा या भौतिक उपलब्धियाँ लाभ हानि इत्यादि इन सभी का आधार मात्र गोरक्षनाथजी की अनुकंपा उनकी प्रसन्नता होना अनिवार्य है।

अतः इस मूल स्वरूप इष्ट गुरु गोरक्षनाथजी के प्रसन्नता हेतु यह "श्री गोरक्षतंत्रम्" कि रचना की गयी है। जिसमें, गुरु गोरक्ष नाथजी का मूल स्वरूप तथा उनके ध्यान श्लोक, मूलमंत्र, मन्त्रोद्धार तथा तंत्र-यंत्र-मंत्र बीज मंत्र के द्वारा पंचतत्व की पूजा तथा पूर्ण अभिषेक का कर्मकाण्ड है जो जन मन साधु-संतों का कल्याण होकर भक्तिपूर्ण आनन्द भी ले सके। इस गुरु गोरक्षनाथजी के रक्षा मंत्र तथा अस्त्र, अघोर अस्त्र, संकटनाशक स्तोत्र गोरक्ष अघोर स्तोत्र इ० अत्यन्त प्रभावी उपयोगी और प्रचिती पूर्ण विधि-विधान जो पाठयगणों की सर्वता सुरक्षा और भक्तिपूर्ण होकर अपेक्षित कामनाओं की पूर्ति हो जायेगी साधक विशेष रूप से पंचतत्विक योग प्रतिक्रियाँ जो पंच मकार के योगिक स्वरूप में दृष्टिकोण से बड़े ही विस्तार से बताया गया है जिससे साधक को धर्म अर्थ काम-मोक्ष की प्राप्ति हो जाये।

पंचमकार या कौल क्रिया विधि-विधान जो दादा गुरु मत्स्येन्द्र नाथ जी ने गुरु गोरक्षनाथजी को प्रदान किया था उसका योग द्वारा मोक्ष मुक्ति का एक अनोखा प्रयास घटित हुआ है।

जिसकी अनुभूति साधक पाठयगणों को आवश्यक होगी। इस ग्रंथ में श्री गोरक्षनाथजी के प्रमुख पीठ वर्णन करके उन-उन पीठों में उपरोक्त तंत्र साधना शीघ्र फलीभूत होगी उसीप्रकार सतगुरु तत्व का खुलकर वर्णन करके ज्ञान की श्रेष्ठता का प्रमाण दिया है। अतः गुरु गोरक्ष तन्त्रम् के अनुसार नाथ सम्प्रदाय की पांच

मुक्ति मोक्ष की अवस्थायें है।

१. सालोक्यता-इसमें साधक को गोरक्षनाथ जी के अलख क्षेत्र वायुलोक (कैलास पर्वत के परिसर)में निवास करने का सौभाग्य मिलता है।

२. सारुप्यता - इसमें साधक गुरु गोरक्षनाथ जी के रूप (स्वरूप या विरक्त नाथ सिद्ध साधु-सन्त) जैसा बनने का अहो भाग्य मिलता है।

३. सायुज्यता - इसमें साधक गुरु गोरक्षनाथजीके अनंन्त कला गुण (सिद्धियां या 64 कलापूर्ण) से युक्त होने का भाग्य होता है।

४. समीपता - इसमें साधक गुरु गोरक्ष नाथजी के सहवास में (सानिध्य या गोरक्षनाथ जी की हमेशा निकटता) रहने का सौभाग्य मिलता है।

५. निर्वाण - इसमें साधक मोक्षमुक्ति में उसकी शून्य समाधि अर्थात (काया इन्द्रिय मन, चित्त का) लय हो जाता है। मुक्ति को प्राप्त कर लेता है।

अत: अपनी सम्पूर्ण विकारों पापी अशुद्धि तथा असुरी वृत्ति का लय होना ही मोक्ष मुक्ति है। अत: गुरु गोरक्षनाथ अलखनिरंजन नित्य सत्य सनातन सच्चितानंद आत्मा परमात्मानंद स्वरूप है और सभी अभीष्टों कामनाओं की पूर्ति यहां तक कि मोक्ष मुक्ति देने वाले है।

हमें आशा है कि गुरु गोरक्षनाथजी के आशीर्वाद तथा गुरु कृपा एवं सम्प्रदाय के नाथ सिद्धों की कृपा अनुकम्पा से यह श्री गोरक्ष तंत्रम् उपासना करते हुए संकटों से सुरक्षा होकर अपेक्षित फलस्त्रुति होगी।

इस कार्य में गुरु भाई योगी प्रमोदनाथ, योगी राकेशनाथ, योगी मोतीनाथ आदि सम्प्रदाय के नाथ सिद्ध योगेश्वरों के सहृदय सत्प्रेरणा दी सबका मैं आभारी हूँ।

इति शुभम्

योगी विलासनाथ

महन्त डॉ. योगी विलासनाथ

सम्मानित उपाधि डॉक्टर ऑफ फिलोसोफी (जर्मन--यूरोपियन यूनियन)

अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष

बारह पंथ योगी महासभा, हरिद्वार

।।ॐ शिव गोरक्ष योगी।।

अनुक्रमणिका

विषय		पृष्ठ सं.
१.	**प्रथमः अध्याय** **अलख निरन्जन गोरक्षनाथस्य स्वरूपम** *(अलख निरंजन गोरक्षनाथजी का स्वरूप है।)* *१-१७ श्लोक*	८
२.	**द्वितीयः अध्याय** **मन्त्रोद्धार** *(मन्त्र का उद्धार) १-१६ श्लोक*	१२
३.	**तृतीयः अध्याय** **गोरक्ष यन्त्र निर्माण पूजा विधिंच** *(श्री गोरक्षनाथजी के यन्त्र और पूजन विधि)* *१-८२ श्लोक*	१६
४.	**चतुर्थः अध्याय** **गोरक्ष मन्त्रम्** *(श्री गोरक्षनाथजी के मन्त्र) १-२२ श्लोक*	३४
५.	**पंचमः अध्याय** **गोरक्ष पूर्णाभिषेक विधानम्** *(श्री गोरक्षनाथजी का सम्पूर्ण अभिषेक का विधान)* *१-१७७ श्लोक*	४१
६.	**षष्ठमः अध्याय** **अथ गोरक्षम् मूल मन्त्र विधिनम्** *(श्री गोरक्षनाथ जी के मूल मन्त्र के विधि विधान)* *१-३२ श्लोक*	८४
७.	**सप्तमः अध्याय** **सर्व रक्षेद् गोरक्ष अस्त्र च मन्त्रः** *(सर्व रक्षा होने के गोरक्षनाथजी के अस्त्र तथा मन्त्र)* *१-२६ श्लोक*	९३

विषय	पृष्ठ सं.
८. अष्टमः अध्याय **अथ गोरक्षनाथस्य स्वरूपम्** (श्री गोरक्षनाथजी का स्वरूप) १-३० श्लोक	१०४
९. नवमः अध्याय **गोरक्षं-पीठ-तीर्थ-वर्णनम्** (श्री गोरक्ष नाथजी के पीठ अर्थात तीर्थ क्षेत्रों का वर्णन) १-७९ श्लोक	१११
१०. दशमः अध्याय **श्री सद्गुरार्त्तत्त्वम् रहस्यम्** (श्री सद्गुरु जी का तत्व रहस्य) १-८४ श्लोक	१२९
११. एकादशः अध्याय **मोक्ष-मुक्ति तत्वम्** (मोक्ष-मुक्ति तत्व का साधन) १-२४ श्लोक	१५०
१२. द्वादशः अध्याय **श्री गोरक्ष स्तोत्रम्** (श्री गोरक्षनाथ जी के स्तोत्र)	१५७
१. संकट नाशक गोरक्ष स्तोत्रम् (श्री गोरक्षनाथ जी का संकट नाशक स्तोत्रम्) नित्यपाठ १-१३ श्लोक	१५७
२. श्री नाथ गोरक्ष स्तोत्रराज (श्री गोरक्षनाथ जी का स्तोत्रराज) १-१४ श्लोक	१६१
३. गोरक्षंऽघोर स्तोत्रं (गुरु गोरक्षनाथ जी का अघोर स्तोत्र) १-१६ श्लोक	१६५
४. जय हो ! जय हो (आरती)	१७३
१३. ग्रंथस्य विधियों के विशेष नियम	१७४
१४. पूजन तथा हवन सामग्री (साहित्य सूची)	१७७
१५. सूचीपत्र	१८०

श्री गोरक्ष तन्त्रम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

।। अलख निरंजन गोरक्षनाथस्य स्वरूपम् ।।

(अलख निरंजन गोरक्षनाथजी का स्वरुप है।)

"श्री उदयनाथ उवाच"

सतगुरु सर्व सर्वज्ञं सर्व ज्ञान नाथ त्वम्।
सर्वदा ज्ञानानन्दं हृदयं सर्वागमं प्रकाशकम्।।१।।
श्रुत्वा सर्वाणि तन्त्राणि साधनानि च भूरिशः।
विद्यास्त्राणि सकलानि नाथ ! फलानि त्वत्प्रसादतः।।२।।
श्रेष्ठाति श्रेष्ठो परंज्ञानं गुहयं गुहयाति गुह्यकम्।
यन्महातन्त्रं ज्ञात्वात्वं तनोऽहं श्रवणोच्छुकः।।३।।

भावार्थः- *श्री उदयनाथ (पार्वती) ने कहा-हे सतगुरुजी आप सर्वदा सर्वश सभी ज्ञान के नाथ हो सभी आगमों के प्रकाशक और सर्वदा ज्ञान और आनंदित हृदयवाले हो। हे नाथ मैंने सुना है कि आपकी ही कृपा से सभी प्रकार की साधनाएं और सभी प्रकार की विद्याएं और सभी प्रकार की उपासनाओं का फल मिलता है। श्रेष्ठ से भी श्रेष्ठ जो परंज्ञान है। गुह्य से भी गुह्य और गुप्त जिस महातंत्र के आप ज्ञाता है उसे सुनने के लिए मैं उत्सुक हूँ।।१-२-३।।*

"श्री आदिनाथ उवाच"

प्रिय शिष्योदयनाथः प्रवक्ष्यामि महाज्ञानी।
अलख निरंजन रूपेण गोरक्ष वरदायकम्।।४।।

वरदानन्दं च नित्यञ्च सुखश्वर्य प्रदायकम्।
सर्व संरक्षणाय सद्गुरु च समर्थकम्।।५।।
योगे रमणे स्थूले च सूक्ष्मे मूले च निर्गुणे।
जन कल्याण्याणार्थाय शक्ति रूपे प्रतिष्ठिताः।।६।।
सर्व जन हिताय सावधानाद् श्रृणु भवान्।
अलख निरंजन रूपेण गोरक्ष तन्त्रमुत्तमम्।।७।।

भावार्थः- श्री आदिनाथ जी कहते हैं। हे प्रिय शिष्या उदयनाथ (पार्वती) सुनो अलख निरंजन रूपी महाज्ञानी गुरु गोरक्षनाथजी वरदान देने वाले हैं। वह नित्य हैं वह वर और आनन्द देने वाल तथा सुख और ऐश्वर्य बढ़ाने वाले है। सभी जीवों की रक्षा करने में समर्थ हैं। योग तथा निर्गुण और निराकार में रमण करने वाले हैं। लोगों के कल्याण हेतु वह स्थूल सूक्ष्म और मूलभूत शक्ति स्वरूप में भी प्रतिष्ठित है (विराजमान है) सभी जीवों के हित के लिए आप सावधान हो के सुनिए अलख निरंजन रूप में गोरक्ष तन्त्र सबसे उत्तम है।।४-५-६-७।।

निखिलासु च विद्यषु यद् यद् सिध्यन्ति साधकाः।
तस्मात्तफलं प्रदानेन् गोरक्षनाथ समर्थकम्।।८।।
उदासीनं गोरक्षं प्रति, त्रिलोकेषु निन्दितम्।
गोरक्षं बिना सिद्धि सम्पदां न योविद्यते।।९।।

भावार्थः- सारे विश्व में जितनी भी विद्या और साधनाओं को साधक सिद्ध करते हैं। वह सभी पकार की विद्या और साधना का फल देने वाले गुरु गोरक्षनाथजी ही समर्थ हैं और जो जीव गोरक्षनाथ जी के प्रति उदासीन

रहता है वह तीनों लोकों में निन्दित होता है। गोरक्षनाथजी के बिना किसी भी प्रकार की विद्या सिद्धि या सम्पति नहीं मिल सकती।।८-९।।

सदैव धर्म रूपे च अर्थ रूपे य संस्थिता।
कामे च सम्पदे मोक्षे गोरक्षैव प्रतिष्ठिता।।१०।।
निर्वाण मुक्ति सायुज्य मुक्त रूपे महाजती।
सालोके सारूणे रूपे गोरक्षः परमो गतिः।।११।।

भावार्थः- गोरक्षनाथ जी सदैव धर्म और अर्थ रूप में विराजमान हैं। गोरक्षनाथ जी काम सम्पत्ति और मोक्ष रूप में सदैव प्रतिष्ठित हैं। महाजती गुरु गोरक्षनाथ जी ही निर्वाण मुक्ति सायुज्य मुक्ति रूप है और वही सालोक्य मुक्ति और सारूप्य मुक्ति रूप है। अतः गोरक्षनाथ जी ही उत्तम और सबसे श्रेष्ठ गति है।।१०-११।।

{ **गोरक्ष भक्ति की गति-** अर्थात भक्ति धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष अतः सालोक्य, सारूप्य, समीप्य, सार्ष्टि और सायुज्य यह ५ प्रकार की मुक्ति है जो हटयोग द्वारा सबमें तुच्छ बुद्धि पैदा करके सबसे मन, चित हटा देती है।}

शिवास्त्वं विष्णुस्त्वं ब्रह्मास्तञ्च खगेन्दक्म्।
देवत्वं सर्व देवानां निश्चितं योगी रूपिणम्।।१२।।
विद्यासु शब्देषु च लौकिकं वाक्यमेव च।
गोरक्ष महायोग स्वरूपं सर्वमेव हि।।१३।।

भावार्थः- ब्रह्मा जी के ब्रह्मत्व विष्णु जी के विष्णुत्व शिवजी के शिवत्व सूर्य भगवान के सूर्यत्व और देवताओं के देवत्व जिस शक्ति में निहित है वही योग रूपी गुरु

गोरक्षनाथ जी हैं। सभी विद्याओं के लौकिक वाक्य और उनके शब्द ही गुरु गोरक्षनाथजी हैं।।१२-१३।।

अहमेवास्मि गोरक्षः मद्रूपं तन्निबोधते।
योगमार्ग संरक्षाय मया रूपमिदं धृतम्।।१४।।
पश्य-पश्य महायोगि ! घृत्वा ध्यानं हृदि स्वयंम्।
गोरक्षंरहिता केचिद् विद्यते न भुवनत्रयम्।।१५।।
तन्त्रादिना महाविद्या अनन्तं परिकीर्तिता।
तन्मध्ये सर्वदा श्रेष्ठ शावर तन्त्रमुत्तमम।।१६।।
तस्य मूले महानाथो गोरक्ष संस्थितः स्वयम्।
चन्द्रसूर्यो समो कान्ति तेजोमय प्रकाशितः।।१७।।

भावार्थः- मैं ही साक्षात् गोरक्षनाथ हूँ एवं गोरक्षनाथ मेरा ही स्वरूप है। योग मार्ग का अभ्युदय के लिये ही मैंने इस रूप को धारण किया है। अतः अपने हृदय में उन सबका ध्यान कर स्वयं ही देख लो तीनों लोकों में गुरु गोरक्षनाथ जी के अतिरिक्त अन्य कोई नहीं है। तन्त्रादि में अनन्त महाविद्याओं में वर्णित है। उन सबमें सर्वत्र श्रेष्ठ गोरक्षनाथ शावर तन्त्र ही है। क्योंकि उन सब के मूल में नाथों के नाथ महानाथ गोरक्षनाथजी ही स्वयं है। जो कि सूर्य और चन्द्र की कान्ति समान तेजोमय और प्रकाशित हैं।।१४-१५-१६-१७।।

।। इति श्री गोरक्षतन्त्रे उदयनाथ-आदिनाथ।।
संवादे प्रथमोऽध्यायः समाप्त

अथ द्वितीयोऽध्यायः

।। मन्त्रोद्धार ।।

(मन्त्र का उद्धार)

"श्री आदिनाथ उवाच"

मन्त्रोद्धारं प्रवक्षामि, उदयनाथ श्रेष्ठतम्।
यत् परमंगुह्यं देवानामपि दुर्लभम्।।१।।
इदं मन्त्रं प्रभावेन मोहयेदखिलं जगत्।
ब्रह्मादिना च देवान् दैत्यान् गन्धर्वान् किन्नरान्।।२।।
पुष्पेण मुहयते भ्रमरान् बालकेन जननी यथा।
मोहयेत् क्षणमात्रेण मन्त्रोद्धारण दुर्लभम्।।३।।

भावार्थः- श्री आदिनाथजी कहते हैं। हे उदयनाथ (पार्वती) मैं अतिश्रेष्ठ मन्त्र उद्धार कहता हूँ उसे आप ध्यान से सुनिए। इस मन्त्र उद्धार के ज्ञान साधना से देवताओं को भी सिद्धि प्राप्त होती है। इस मन्त्र के प्रभाव से सारा जगत मुग्ध हो जाता है। इस मन्त्र के प्रभाव से ब्रह्मादि सभी देव दानव गन्धर्व और किन्नर भी मोहित हो जाते हैं जिस तरह पुष्प भ्रमर (भंवरे) को मोहित करता है जैसे बालक माता को मोहित करता है। वैसे ही यह मन्त्र उद्धारण से सभी क्षण भर में ही वश में आ जाते हैं।।१-२-३।।

मन्त्रस्य प्रभावेण क्षण मात्रेण मुह्यते।
राजानां सचिवादीनां सर्वे राज्यजनास्तथा।।४।।

नृपत्यांशु च वाजी च उर्वश्याचाप्सरेषु च।
इदं मन्त्रं पठित्वा तु क्षणाद् वशीजगत्त्रयम्।।५।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती-यह मन्त्र के प्रभाव से क्षण मात्र में ही राजा-मन्त्री समेत सर्व राज्य जनता भी वशीभूत हो जाता है बड़े-बड़े राजा रानी समेत हाथी घोड़े सहित सारे पशु और उर्वशी आदि स्वर्ग की सारी अप्सराएं भी वशीभूत हो जाती हैं इस मन्त्र के पाठ से क्षण भर में ही (तीन लोक) सर्व जगत वशीभूत हो जाता है।।६-७।।

स्तम्भनं मोहनं चैव क्षोभणं जृम्भणं तथा।
द्रावणं भीषणञ्च विद्वेषोच्चाटने तथा।।६।।
आकर्षण सर्व देवानां वशीकुर्याद जगत्त्रयम्।
योगेश्वरि! विशेषेण साधयेत् साधकोत्तमः।।७।।

भावार्थः- हे योगेश्वरी श्रेष्ठ साधक इस मन्त्र से स्तम्भन, मोहन, क्षोभण, जृम्भण, द्रावण भीषण, विद्वेषण उच्चाटन और विशेषकर देवताओं का आकर्षण तथा अन्य सभी को वशीकरण करने में समर्थ होता है।।६-७।।

प्रपातेन दृष्टीपातेन स्तम्भवेत् सिद्धसाधकाः।
सूर्याग्नि, जल वायुश्च साधक न तु अन्यथा।।८।।
यथा सृष्टिजय योगी तदा मन्त्रं में वचः।
नाथ! उदय तं न असाध्यें भुवनत्रये भुवनंत्रयम्।।९।।

भावार्थः- इस मन्त्र के साधक दृष्टिपात करने मात्र से ही सूर्य-जल- अग्नि-वायु आदि प्रपातों को स्तंभित कर

सकते हैं कोई अन्य नहीं है उदयनाथ (पार्वती) जिस तरह महायोगी अपने योग से पूर्ण सृष्टि को जीत लेता है। उसी तरह इस मन्त्र का ज्ञाता भी सृष्टि को जीत सकता है। और तीनों लोक में उसके लिए कुछ भी असाध्य नहीं रहता।।८-९।।

गो युक्त बीज गोरक्षम् यात्रा वारण (र) रोहकम्।
ॐ कार शिव युक्तम् च नाद बिन्दु युतः पुनः।।१०।।
एतानि त्रिगुणी कृत्य कल्पवृक्षः सम जपेत्।
एकञ्चनववास जपेत् अष्टोत्तरशतम्।।११।।
अष्टोत्तरशतं सहस्त्रं च नित्यं जपति यो नरः।
सर्व कार्येषु सर्वसिद्धिमाप्नोति च नात्र संशयः।।१२।।

भावार्थः- नाद विन्दु (ँ) से युक्त, गोरक्ष बीज युक्त (गो) यात्रा वरण ('र') तथा सदाशिव (आदिनाथ) युक्त ('ओं' कार) अर्थात् (ँ + गो + र + ओ) = ''ग्रों'' इस बीज को त्रिगुणी कृत करने पर ''ग्रों ग्रों ग्रों'' अतः कल्पवृक्ष के समान इस बीज मन्त्र का जाप करे जो भी बुद्धिमान साधक इस मन्त्र का नित्य (१) एकबार, (९) नऊबार, (१०८) एक सौ आठ बार पाठ करता है या (१००८) एक हजार आठ बार पाठ करता है। उस साधक को सभी कार्यों में सिद्धि प्राप्त होती है इस में कोई भी संशय नहीं है।।१०-११-१२।।

साधकान् सर्व विद्यानां गोरक्षमन्त्रोक्तं साधयेत्।
अन्यथा सिद्धहानि स्याद, विघ्नैतानस्तेषा पदेपदे।।१३।।

किं शाक्ताः वैष्णवाः किवा गाणपत्याच शैवकाः।
सौर नाथः वृत्ताः सर्वे तैल यन्त्रे वृषा इव।।१४।।
नात्र चक्र विशुद्धिं च कालादि शोधनं न च।
अत्यावश्यकं मन्त्रं स्याद् शाबरानपि योगिनी।।१५।।
कृते च नरकं याति तस्य सर्व विनश्यति।
क्लेश रहितं पर नाथ! साधनं द्रुत पोषकम्।।१६।।

भावार्थः- सभी विद्याओं के साधकों को उक्त गोरक्षनाथजी के मन्त्र साधना करनी चाहिए। अन्यथा सिद्धि में हानि और उनके पग-पग पर विघ्न होता है। शाक्त, वैष्णव, शैव और सौर गाणपत्य सभी देवताओं के उपासक गुरु गोरक्षनाथजी द्वारा उसी प्रकार नियन्त्रित रहते हैं। जिस प्रकार तेली का बैल अतः हे योगिनी उक्त मन्त्र की साधना शावर तन्त्रों के लिए आवश्यक है। इस मन्त्र की साधना में चक्र शोधन या कालादि शोधन की आवश्यकता नहीं है। जो इस मन्त्र के सम्बन्ध में शोधन विचार करता है। उसका सब कुछ नष्ट हो जाता है और वह नरक में (चला) जाता है। अतः इस मन्त्र की साधना में किसी प्रकार का कष्ट नहीं होता और इसके द्वारा शीघ्र ही सिद्धि प्राप्त होती है।।१३-१४-१५-१६।।

।। इति श्री गोरक्षतन्त्रे श्री उदयनाथ-आदिनाथ।।
संवादे द्वितीयोऽध्यायः समाप्त

अथ तृतीयोऽध्यायः

।। गोरक्ष यन्त्र निर्माणं पूजा विधिञ्च ।।

(श्री गोरक्षनाथजी के यन्त्र और पूजन विधि)

"श्री उदयनाथ उवाच"

निरन्जनादिनाथं में बूहि नाथ ! स रहस्यकम।
येन, केन प्रकारेण पूजांस्य नाथेश्वरम्।।१।।

भावार्थः- श्री उदयनाथ पार्वती जी कहती है हे निरंजन रूपी आदिनाथजी श्री नाथ जी अर्थात् गुरु गोरक्षनाथ जी के पूजा रहस्य अर्थात किस-किस प्रकार की उनकी पूजा होती है ? हे नाथो के ईश्वर वह मुझे बताइए।।१।।

"श्री आदिनाथ जी उवाच"

मम ज्योति स्वरूपाय गोरक्षाख्यो महाबलः।
तस्य पूजां प्रवक्ष्यामि त्र्योलोक्ये सिद्धिः दायकम्।।२।।
हठाद् नाथं महाघोरं यं यं सिद्धिश्च जायते।
क्षणाद् सिद्धिं लभन्ते च अत्र न संशयः।।३।।

भावार्थः- श्री आदिनाथ जी ने कहा- मेरे ही ज्योति स्वरूपी गुरु गोरक्षनाथजी नाम का महाबली योगी है। उनकी पूजा कहूँगा जो तीनों लोक की सिद्धिदायिनी है। हे नाथ उदय, हठपूर्वक महाघोर साधना करने पर जो-जो सिद्धि मिलती है। वह सब इस पूजा विधि से क्षण मात्र में मिल जाती है। इसमें सन्देह नहीं है।।२-३।।

केशरावृत्तं शेष कृत्वा रचयेत् त्रिकोणं समः।
प्रपूर्येद निजबीजानि तन्मध्ये साधकोत्तमम ।।४।।

लिखेद भूपू र्चतुष्कोणे वज्रोऽस्त्र च अकितं दशम्।
प्राणायाम ततो कृत्वा दश दिक्षु चं पूजयेत्।।५।।

भावार्थः- केशर से शेष (कुण्डलीनि सह) वृत्त (मण्डल) वनाकर सम त्रिकोन की रचना करे उसके मध्य में रव वीजो (ग्रों ग्रों ग्रों) को उत्तम साधक लिखे। तव चतुष्कोन भूपर वनाकर दस वज्रों और अस्त्रो को अंकित करे और (उत्तम) प्राणायाम करके दस दिशाओं में उनकी पूजा करे।।४-५।।

मूलं जालन्धरा बन्ध उड्डीयान कारयेत्।
अभिष्ट सर्व सिद्धिश्च च देवं गोरख नाथकम्।।६।।

भावार्थः- तथा (आवश्यकता के अनुसार प्राणायमों के उपरान्त) मूला जालंधर एवं उड्डीयान वन्ध (क्रम से या एक साथ) करना चाहिए जो देवताओं गुरु गोरक्षनाथ जी एवं सर्व सिद्धियों के अभीष्ठ के लिए करना चाहिए।।६।।

कुम्भक प्राणायाम च निज बीजानी कारयेत्।
ध्यायेभाजा तु गोरक्षाभिष्ठ दायकम्।।७।।

भावार्थः- रव वीज (ग्रो) में छः दीर्घ रवर लगाकर (जैसे ग्रां ग्रो ग्रं ग्रैं ग्रौं ग्रः) प्राणायाम के कुम्भक में करें तव अभीष्ठ प्रदान करने वाले गुरु गोरक्षनाथ जी का ध्यान करे।।७।।

अथ गोरक्ष ध्यानम्

(गुरु गोरक्षनाथ जी का ध्यान)

धर्मार्थ मोक्षमायुञ्च नित्यं कामार्थ सिद्धये

करोमि हृदये ध्यानं गोरक्ष ज्ञान स्वरूपिणे।।८।।
कोटि सूर्य समुत्तेजः ललाटे चन्द्र शोभितम्।
कर्पूर गौरांगम् च दिव्य कर्ण कुण्डलम्।।९।।
भस्मायुतं जटाभियुक्त स्वर्णादि भूषिताम् परोम्।
व्याघ्र चर्मासनस्यैव नाग सिहासने स्थिताः।।१०।।
काषाय वस्त्रं घृत्वा च बाहुम्यी तिलक केसरम्।
निर्मलाज्ज्वलाचन्द्रं कमल मुखाननम् सुन्दरम्।।११।।
शिवास्वरूपी कटाक्षश्च महदश्वर्य दायकम्।
ज्ञानं सुन्दरम् नित्यं विद्यासु परिवेष्टिता।।१२।।
योगिनि सर्व शक्ति च अष्टभैरव शोभितम्।
नाथ! सिध्यभियुक्तश्च च शस्त्रादि परिवेष्टितम्।।१३।।
हस्ते दण्डं त्रिशूलं च क्षेत्रपालादि शोभितम्।
सर्व सिद्धं गणा गन्धर्वसिद्गणश्च वन्दनीयं अहर्निशम्।।१४।।
रुद्राक्षमालां, शैल श्रृंगी च उपवीरतेकम्।
औपद्मासने परमशान्ति च ध्यानं मुद्रे तु शोभितम्।।१५।।
गोरक्षामृतं ज्ञानं च शिवुमा श्रवणोत्सुकः।।
समस्त गुण सम्पन्नः गोरक्ष करूणानिधिः।।१६।।
अनन्त कोटि ब्रह्माण्ड गोरक्षं सचराचरम्।

दर्शनम् मुक्तिं लाभं च तस्मै श्री गोरक्षाय नमः।।१७।।

भावार्थः- धर्म. अर्थ मोक्ष और आयु की कामना की सिद्धि के लिए मैं अपने हृदय में नित्य ही गुरु गोरक्ष नाथ जी का ध्यान करता हूँ। करोड़ों सूर्य के समान महातेजस्वी मुखारविन्द तथा ललाट पर चन्द्र सुशोभित है। कर्पूर के समान गोर अंग वाले और कानों में दिव्य कुण्डल धारण किये हुए है।।८-९।।

भस्मी रमाए जटाए जैसी स्वर्णादि से आभूषित हो आप व्याघ्र के चर्म एवं नागों के सिंहासन पर स्थित है। गेरुवा वस्त्र धारण किए हुए दोनों भुजाओं पर केसर का तिलक लगाये निर्मल चन्द्रवत उज्ज्वल एवं कमल के समान सुन्दर मुखवाले हो।।१० ११।।

आप कटाक्ष मात्र से महदश्वर्य दायक शिव स्वरुप सर्वांग सुन्दर नित्य ज्ञान विद्याओं से घिरे हुए, सर्व शक्ति (देवियाँ) योगिनी, अष्ट भैरव समूहों द्वारा शोभायमान सभी नाथ सिद्धों (नवनाथ, चौरासी सिद्ध, अनन्त कोट सिद्ध) से विभूषिता एवं नाना अस्त्र शस्त्रों से घिरे हुए हो।।१२-१३।।

आपके हाथों में डडा और त्रिशूल धारण किये हुए है। आप क्षेत्रपाल देवताओं द्वारा सुशोभित और समस्त सिद्धों के समूहों द्वारा वन्दनीय (पूजनीय) हो।।१४।।

रुद्राक्ष की मालाए शैली श्रृंगी जनेऊ सह पद्मासन लगाए ध्यान मुद्रा में गुरु गोरक्षनाथजी आप परम शान्ति में शोभायमान है। गोरक्षनाथजी के अमृतमय ज्ञान को सुनने के लिए साक्षात भगवान शिव और

स्वयं माता (उमा) पार्वती भी उत्सुक है। ऐसे गुरु गोरक्षनाथजी समस्त गुणों से सम्पन्न असीम दयामय एवं मंगल रूपी है। इस अनन्त कोटि ब्रह्माण्ड सचराचर में श्री गुरु गोरक्ष नाथ जी विद्यमान है उनके दर्शन मात्र से मुक्ति का लाभ होता है। उन गुरु गोरक्ष नाथजी को मैं नमस्कार करता हूँ।।१५-१६-१७।।

एतद् ध्यात्वा योगेश्वरी आवाहयेत्महाजती।
गोरक्ष पूजयित्वा च शक्तितः भक्तितः समन्विताः।।१८।।
चन्दनाक्षतं सुगन्धीनि पुष्पाणि अन्यैरपि।।
धूपं दीपं रोहान्नभ्य लगोटं च विशेषतः।।१९।।

भावार्थः- इस प्रकार ध्यान करके हे योगेश्वरी महाजती गुरु गोरक्षनाथजी का आवाहन करके यथा शक्ति यथा भक्ति पूजन करे। चन्दन अक्षद सुगंधि कुसुम के पुष्प धूप दीप नैवेद्य और विशेष करके रोट और लंगोट से पूजन करे।।१८-१९।।

गूलरे रक्तपुष्पेषु गोरक्ष तिष्ठति स्वयं।
मोहाम्र फलं विल्वे च कृशरान्नादि समीपके।।२०।।
गूलरस्यफलंमाहत्म्य कथितं नैव शक्यते।
पङ्गलंप्रदानेन् प्रत्यक्षं ज्वाला मातु स्वरूपमर्हति।।२१।।

भावार्थः- लाल गुलर के फलों में गुरु गोरक्षनाथी स्वयं निवास करते हैं। मोह-आम्र और बिल्व के फल तथा खिचड़ी आदि को भी वैसे ही समझे और गुलर फल कि महिमा कहना सम्भव नहीं है। खिचड़ी का भोग लगाने में प्रत्यक्ष शक्तियाँ ज्वालामाई स्वरूप हो जाती है।।२०-२१।।

श्रृणु तत्त्वसारं गोरक्षानन्द कारकम्।
पञ्च-षोडषोपचारः नाथ यन्त्रं च पूजयेत्।।२२।।
पंचामृत पयश्चव मधु गभोंदकं तथा।
दुग्धं नाना विधैव शर्करा गुड़ं मिश्रितम्।।२३।।
अभिषेकं समारभ्य स्नानं शुद्धोदकं पुनः।
लेपनं चंदनं केशरं चैव तिलकं भस्मार्पितम्।।२४।।

भावार्थः- श्री गुरु गोरक्षनाथजी को आनंदित करने वाली श्रेष्ठ सार पूर्ण पूजा सुनो। गुरु गोरक्षनाथ जी की पंचोपचार या षोड़षोपचार से पूजन करे। पंचामृत गाय का दूध मधु नारियल का जल अनेक प्रकार के गुड़ चीनी मिलाकर परिपक्व हुए दूध से अभिषेक करे। पुनः शुद्ध जल के स्नान कराये और भस्मी का लेपन कराये। सुगंधित चन्दन और केशरादि से तिलक करे।।२२-२३-२४।।

कुण्डलं मृत्तिकाश्चैव अर्पितं रक्तवस्त्रकम्।
धूपं दीपं सुपुष्पैर्कर्पुरादि समन्वितम्।।२५।।
स्वयंभू करुमे पुष्पै हयारी अपराजिता।
शुभै विलपनं गन्धं योगं युक्तं समर्पयेत्।।२६।।

भावार्थः- लाल भगवा वस्त्र, नादी जनेऊ और मृतिका के कुण्डल धूप दीप कर्पूर एवं सुगंधित पुष्पों के सहित स्वयंभू कुसुम हयारि एवं अपराजिता के शुभ पुष्प तथा चन्दन के लेपन पश्चात युक्त योग करके अर्पण करे।।२५-२६।।

अष्ट गन्धाद्यैर्ण नाथं निवेदयेत्।
पंचमेवाफलैश्चैव नैवेद्यपड्लं तथा।।२७।।
विविधैरनैकैः अन्न क्षीरोपहारकम।
श्रीफल शस्पुलकादि सर्व भोगं समर्पयेत्।।२८।।

भावार्थः- अष्टगंधादि (अष्टगंध+ अक्षद+ लालपुष्प+ जल) से श्री नाथजी को अर्ध्य निवेद करे। पंचमेवादि (काजू+ बादाम+ पिस्ता+ किशमिश+ अखरोट आदि) इ० (काली मिर्च, लवंग, इलायची, अदरक, लसन इ०) से युक्त खिच्चड़ी पंचफल (विशेषतः आम-गुलर सह) का नैवद्य कच्चादुध, श्री फल (नारियल पानीवाला) तथा रोट इत्यादि अनेक प्रकार के अन्न खीर और उपहार आदि समर्पित करे।। २७,२८।।

पूजयित्वा यथा शक्तिः नाथ नानोपहारकैः।
खड्ग शर्माग्नि बाणं च त्रिशूलं दण्डं चमेटनम्।।२९।।
घोराघोरं अट्टहासं पाशुपत गरुड़ारम्।
अस्त्र-शस्त्रादि भूषणैश्च प्रपुज्यो वरणं यजेत्।।३०।।

भावार्थः- यथाशक्ति अनेक उपहार से श्री गुरु गोरक्षनाथजी की पूजा करे त्रिशूल खड़ग चिमटा डण्डा (शावर भैरव डण्डा) अग्नि बान के शस्त्र तथा घोर-अघोर फटकार पाशुपत वातास्त्र गरुड़ास्त्र इत्यादि अस्त्र-शस्त्र आभूषणों आदि से पूजा करके आवरण देवताओं का पूजन करे।।२९-३०।।

योगिनी तन्त्र संपूज्या दिकपालाः भैरवादयाः।
पार्श्वे मत्स्येन्द्र नाथ पूजयेत् साधकोत्तम।।३१।।

आदिनाथ च-गोरक्ष-सत्यं-संतोषकं तथा।
अचलांचम्भ नाथ च उदये गजकन्थकम्।।३२।।
प्राक् जलंधाराश्च सिद्धः चर्तुरङ्गे पूजयेत।
पश्चद् सिद्धि ऋद्धिश्च नवदुर्गा समन्विताः।।३३।।
महाविद्या संपूज्याः योगिन्या क्षेत्रपालकान्।
आवध्येत् यन्त्र मध्ये तु पूजयेत् यत्नपूर्वकम्।।३४।।

भावार्थः- हे योगिनी वही अष्टभैरव एवं दश दिग्पालों और उनके अस्त्रों की पूजा कर श्रेष्ठ साधक दोनों पार्श्वों में सद्गुरु मीन (मत्स्येन्द्र) नाथ और आदिशक्ति उदयनाथ की पूजा करे एवं आदिनाथजी गोरक्षनाथजी सत्यनाथ (ब्रह्माजी) सन्तोषनाथजी (विष्णुजी) अचल अचम्भे नाथजी (शेषजी) गजवेली, गजकन्थड़ नाथजी (श्री गणेशजी) सिद्ध चौरंगी नाथजी (चन्द्र भगवान) जालन्धर नाथजी सह चौरासी सिद्धों आदि, शक्ति नव दुर्गाजी तथा दशमहाविद्याओं ऋद्धि सिद्धि सह पूजन करे हे उदयनाथजी चौसठ नाथ सिद्ध जोगिनीयाँदि और सभी क्षेत्रपालों सहित इन सभी का यन्त्र के मध्य मे आवाहन करे और यत्नपूर्वक इनकी पूजा करे।। ३१-३२-३३-३४।।
(यहा ''श्री नाथ सिद्ध यन्त्र'' की स्थापना करे।)

ततो गोरक्षनाथस्य षड्चक्राणि प्रपूजयेत्।
शुद्ध भावेन् जपेन्मन्त्रं मन्त्र पुष्पांजलिं क्षिपेत्।।३५।।
जपं समर्पितं नाथ घण्टानादं पूर्वकम्।
स्तोत्र कवच च आदेश पठेत्, पूर्वक यो विधिः।।३६।।

भावार्थः- तत श्री गुरु गोरक्षनाथजी के षड्चक्र की

पूजा कर पुष्पाजली प्रदान करे, और शुद्ध भाव से साधक यथा शक्ति मन्त्र का जाप करे तथा जप समर्पित कर घण्टा घड़ियाल वजाकर नाद पूर्वक परम नाथ सिद्धों को प्रसन्न करे और स्तोत्र-कवचम् का पाठ कर विधि पूर्वक आदेश (नमस्कार) करे।।३५-३६।।

श्रृणु वत्स्य प्रवक्ष्यामि गोरक्ष योग दुर्लभम्।
पंच तत्वादिकाना च मन्त्रयोगं वदाम्यहम्।।३७।।
सर्वदा पञ्चतत्वैः पूजयेत् तु महाजती।
पञ्चतत्व बिना पूजामभिचाराय् कल्पयेत।।३८।।
पञ्चतत्वेन गोरक्षं प्रसन्न जायते क्षणाद्।
महापूजामेव पंचचक्रेण, स जीवो लभते शिवम्।।३९।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती अव मैं गोरक्षनाथजी का परम दुर्लभ योग एवं पंचतत्वादि का मन्त्रयोग कहता हूँ। उसे सुनिए। महाजती गुरु गोरक्षनाथ जी की पूजा सदैव पंश्चतत्व से करे। पंचतत्व के विना पूजा व्यर्थ होती है। पश्चतत्वों के द्वारा श्री गोरक्षनाथजी प्रसन्नता क्षणभर में हो जाती है। यह पंच तत्व के पंचचक्र महापूजा योग द्वारा साधक का जीवन शिव स्वरुप हो जाता है।।३७-३८-३९।।

पञ्चतत्व समः किञ्चित कलियुगे न विद्यते।
स्वयंपंचतत्त्वरुपो ब्रह्मः पंचतत्त्वमैवपरांगतिम्।।४०।।

{ **विशेष** :- श्री नाथ सिद्ध कवचम् एवं स्तोत्रम् की पुस्तके (श्रीनाथ सिद्ध यन्त्र) इसी स्थान से अलग से प्राप्त कर सकते हैं।}

श्रृणु नाथोदय पञ्चतत्वमेव सदाशिवः।
पञ्चतत्व स्वयं ब्रह्मः स्वयमेव जनार्दनः।।४१।।
पञ्चतत्व महायोगि मोक्षं-मुक्तिं प्रदायक्
पञ्चतत्वं विनौव सुखं मोक्षं विद्यते।।४२।।

भावार्थः- *कलियुग में पंचतत्वों के समान कुछ भी नहीं है। पंश्चतत्व परब्रह्म स्वरूप है और श्रेष्ठ गति दायक है। हे उदयनाथ जी सुनो पंचतत्व स्वयं सदाशिव ब्रह्मा और विष्णु स्वरूप है। पंचतत्व महायोग से मोक्ष और मुक्ति मिलती है। पंचतत्व के विना साधक को सुख और मोक्ष नहीं मिलता।।४०-४१-४२।।*

पंच तत्त्व प्रभावेण कोटि पापं प्रमुच्यते।
नाशयेत् तत्क्षणमेव तूल राशिमिवानलः।।४३।।
यन्त्रं पूजयेत् चक्रं तत्रं नाथ वशयेद् ध्रुवम्।
चक्र विनापूजां गोरक्षनाथास्य विन्मुख न गच्छति।।४४।।

भावार्थः- *हे योगिनी पंचतत्व के प्रभाव से करोड़ो महापाप उस प्रकार नष्ट हो जाते है जिस प्रकार अग्नि रुई (कपास) के ढेर को भस्म कर देती है। पंचतत्व की चक्र पूजा जहाँ होती है, वहाँ गुरु गोरक्षनाथजी निश्चय ही निवास करते है। चक्र पूजा से रहित स्थान से महाजती गुरु गोरक्षनाथजी विमुख हो जाते हैं।।४३-४४।।*

पृथ्वी आपाग्नि वायुं आकाशं च समन्वितम।
ते सर्व संस्थिते पिण्डे चक्रं पूजां स्वरूपिणे।।४५।।
नित्यं पंच तत्त्वंच चक्र साधनांन् तथा जपेत्।।

भावार्थः- *पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु-आकाश सहित वह*

(पंचतत्व) सभी शरीर में चक्रपूजा अर्थात (कुण्डलिनी चक्र जाग्रती) के स्वरूप में स्थित है। अतः नित्य पञ्चतत्व पूजा से चक्र पूजा की साधना करनी चाहिए।।४५।।

शुभकाले तु स्थाने च मिताहारं तथा परम्।
नाड़ीं शुद्धिं च तत्पश्चात् प्राणायामं च साधयेत्।।४६।।
प्राणायामेव प्राणस्य सुस्थिरंगतिम्।
पूरकं कुम्भकं रैचकं च प्राणापान चतुर्थकम्।।४७।।

भावार्थः-अर्थात् प्रथमतः शुभ समय, शुभ स्थान और सम्यमक आहार कर नाड़ियों की शुद्धि करनी चाहिए। इसके पश्चात प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। शरीर के नाड़ियों में प्राण के प्रवाह के प्रयास पूर्वक उसे स्थिर रखने की क्रिया ही प्राणायाम है तथा पूरक कुम्भक रेचक और प्राण-अपाण का संघटन यह प्राणायाम के चार भेद है और यही प्राणायाम के लक्षण भी है।।४६-४७।।

भुवि पित्त वर्ण च भुवर्लोके लकारकम्।
अधिष्ठातास्वयं ब्रह्मः मूलाधारे च डाकिनी स्थित.।।४८।।
एतानि पंच घटिका मूलाधारे स्थिताः।
कुण्डलिनी ऊर्ध्वगामीचं पृथ्वीं तत्त्वं वशं भवेत्।।४९।।

भावार्थः- पृथ्वी तत्व पित वर्ण का है। भुवर्लोक में यह ''लं'' कार बीज से युक्त अधिष्ठाता ब्रह्माजी है। यह शक्ति डाकीनी सह मूलाधार चक्र मे स्थित है। प्राण-अपान को मूलाधार चक्र मे संघटन (मिलन)

करके (मन्त्र जाप में) पांच घड़ी (२ घण्टे) तक अभ्यास करना चाहिए। इसके प्रभाव से शक्ति कौलिणी (कुण्डलीनी) उर्ध्वगमन करती है और पृथ्वी तत्व वश में हो जाता है।।४८-४९।।

श्वेतवर्णं जलं च स्वर्लोकं वँ कार बीजकम्।
स्वाधिष्ठान च शाकिनी विष्णुः स्वयमधिष्ठिताः।।५०।।
विलीयं मनं प्राणं घटिका पच धारयेत्।
बीजं मन्त्रस्य जापं वा स्वाधिष्ठानस्य चिन्तनम।।५१।।
भस्मं गच्छन्ति सर्वदः स्वाति कालकूटं विषमपि।
तेषां भयं मृत्युं न जायन्ते जलंमयम्।।५२।।

भावार्थः-यह जलतत्व श्वेत वर्ग है। स्वर्लोके में ''वं'' कार बीज से युक्त है और स्वाधिष्ठान चक्र में शक्ति शाकिनी स्थित है और भगवान विष्णुजी अधिष्ठाता है। मन और प्राण के विलय कर पांच घड़ी (२ घण्टे) तक धारण करे। बीज मन्त्र का जाप अथवा चक्र स्वाधिष्ठान का चिन्तन करे। इससे दुसह कालकूट विष भी भस्म हो जाता है। (यह वारुपी धारणा है) इस धारणा से ना जल का भय रहता है और ना जल में मृत्यु होती है।।५०-५१-५२।।

रक्तवर्णे महर्लोके अग्नि ''रं'' कार बीजकम्।
मणिपुरे च लाकिन्या रुद्रदेवताधिष्ठिता।।५३।।
तत्र लीन कुरु प्राणं घटिका पंच धारयेत।
वैश्वानरी धारणा प्रोक्ता अग्नि तत्वं वशाप्नुयात्।।५४।।

भावार्थः- यह अग्नि तत्व महर्लोक में रक्तवर्ण (लाल) से नाभि में ''रं'' तत्व बीज से युक्त है। यह मणिपुर चक्र में शक्ति लाकिनी सहित रुद्र देवता अधिष्ठित है। इसमें प्राण को लीन कर पांच घटी (२ घण्टे) धारण (बीज मन्त्र रो) करनी चाहिये। इससे अग्नितत्व वश में हो जाता है। यह वैश्वानरी धारना है।।५३-५४।।

वायु यं कार बीज सहितं च हृदि स्थित्वानहदम्।
धूम्रवर्ण जनर्लोके अधिष्ठातृ च ईश्वरः।।५५।।
विलीय घटिका पंच तत्र प्राण च धारयेत्।
आकाशगामी योगी च वायवी धारणाऽयम्।।५६।।

भावार्थः- वायु तत्व ''यं'' बीज सहित अनहद (हृदय) चक्र में धूम्रवर्ण और जनर्लोक मे शक्ति काकिनी स्थित है। इसके अधिष्ठातृ देवता ईश्वर है। प्राण को इसमें बीज मन्त्र से पांच घड़ी (२ घण्टे) विलय धारणा करने पर योगी आकाशगामी हो जाता है। यह वायवी धारणा है।।५५-५६।।

''हं'' बीज युक्तं श्वेत वर्ण आकाशे स्थित शाकिनी।
विशुद्ध च तपर्लोके अधिष्ठिता सदाशिवः,।५७।।
लक्ष्यंमनं प्राणश्च समोक्षमाप्नुयात्।
सुख-दुःखाद् परं योगी धारणांय नभो यथा।।५८।।

भावार्थः- आकाश तत्व श्वेत वर्ण से विशुद्ध चक्र में ''हं'' बीज से युक्त है। इसके अधिष्ठातृ देवता सदाशिव तथा शक्ति शाकिनी सह तपर्लोक में स्थित है। इसमें मन और प्राण का लक्ष्य कर पाँच घड़ी

(२ घण्टे) तक धारणा करनी चाहिए। इससे योगी सुख दुख के परे जाकर मोक्ष को प्राप्त कर लेते हैं। यह नभो की धारणा है।।५७-५८।।

{ **विशेष** :- ''आकाश तत् सदा शिव जान''

ऐसा गुरु गोरक्षनाथजी कहते हुये इन पांच महाभूतों की धारणा से मोक्ष की प्राप्ति होती है। (अर्थात् जीव शिवमय हो जाता है।) इसे ही पंचतत्व या चक्र (जाग्रत) पूजा की साधना कहते हैं।}

योगिनि पंच तत्वं च मोक्षं मुक्तिं मवाप्नुयात।
श्रृणु शेष महाकाश शून्य चक्रस्य धारणा।।५९।।

भावार्थः- हे योगिनी इस प्रकार पंचतत्व की धारणा से मोक्ष-मुक्ति की प्राप्ति होती है। अतः शेष महाकाश और शून्यातित चक्रों की धारणाओं को सुनो।।५९।।

तत्त्वोऽयं महाकाशः सत्त्वाकाशे च संस्थितः।
प्रणवोंकारं च शम्भ्वधिष्ठ देवता।।६०।।
ध्यायेत् पंचघटिका यावत् तत्र प्राणं च धारयेत्।
जपंबीजमंत्रस्य भूमध्ये च चिन्तनम्।।६१।।
इदं धारणा च प्रोक्ता महानभो धारणा तथा।
कपाटमवरुद्धं च योगिनः मोक्षमाप्नुयात्।।६२।।

भावार्थः- यह महाकाशतत्व सत्यलोक में भूमध्य आज्ञा चक्र में स्थित है। इसका बीज प्रणव ॐकार है। इसके अधिष्ठाता शम्भु शक्ति हाकिनि सह यहा स्थित है। यहाँ प्राण का (मन सहित ॐकार बीज से) लय करके

पांच घड़ी (२ घण्टे) तक साधक को महाकाश धारणा करनी चाहिए इस अभ्यास के फल स्वरूप योगी का मोक्ष का बन्द दरवाजा खुल जाता है। इसे महानभो धारणा कहते हैं।।६०-६१-६२।।

शून्यातीतं परंतत्वं सहस्त्रागारे च स्थितः।
गुरुमन्त्र स्वरूपो परंबीजं च सस्थितः।।६३।।
सत्गुरु पराशक्तितः च परलोके प्रतिष्ठितः।
ध्यायेत् गुरु मन्त्रं जप प्राणं सचित्तकम्।।६४।।
मंत्रस्य प्रभावेण संः सिद्ध मोक्षमाप्नुयात्
समनः वैरवरीं गत्त्वा शून्योऽयं समाधिरुच्यते।।६५।।

भावार्थः- यह शून्यातित परंतत्व सहस्त्रागार चक्र (टालू भाग मे) में परम बीज गुरु मन्त्र के रूप में स्थित है। इस परंलोक में सत्गुरु परा-शक्ति सहित स्थित है। इस शून्य तत्व में (शिश के टालु भाग में) गुरु मन्त्र द्वारा (मन्त्र का जाप जपते हुये) मन प्राण सह चित्त का लय करना चाहिए। इसके प्रभाव से साधक तत्काल मोक्ष-मुक्ति स्वरूप हो जाता है। मन शून्य समाधि में पहुँच जाता है। इसे शून्य धारणा कहते हैं।।६३-६४-६५।।

यदा पञ्चतत्वं न शक्यते साधकैः।
जपेत बीजमन्त्रं सपादलक्षकम्।।६६।।
यथा विधिं जपे नित्यं चत्वारः लभते धर्मम्।
निप्लवा सर्वे विघ्ने ऋद्धि सिद्धि प्राप्यते।।६७।।

भावार्थः- हे योगेश्वरी अगर साधक यह पंचतत्व की (उपरोक्त चक्रपूजा की साधना) साधना को नहीं कर

पाता तो वह बीज मंत्र का सवालक्ष जाप करे। उसे नित्य विधिवत जाप करने पर उसे चारों धर्म (धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष) की प्राप्ति होगी और सभी संकटों का नाश होकर ऋद्धि सिद्धि की प्राप्ति होगी।।६६-६७।।

यंयं कामार्थ संपूज्य तं तं प्राप्नोति निश्चितम्।
संपूजयेत्तु गोरक्षं विजयं तं निश्चितम्।।६८।।
पुरश्चर्येत सवालक्षं जपेत्तु साधकोत्तम्।
तददशांशाहुतिं दध्यात् पायसंमधु घृतं तथा।।६९।।
तर्पयेद् तद दशाश जलं चन्दनं मिश्रितम्।
तद दशाश जलं मिश्रित अष्टगन्धैरभिसिंचयेत्।।७०।।
तद दशांशाभिषेकंस्य नाथ साधुं च स्तोषरोत्।
मिष्टान्नं दक्षिणां दानः नाथः भक्ता तर्पयेत।।७१।।
पुरश्चर्येत् इदं कृत्वा सिद्धो भवति साधकाः।
सर्वाणि प्रयोगाणि च सिद्धिर्भवति सो तदा ।।७२।।

भावार्थः- हे उदयनाथ जिस-जिस कामना के लिये उक्त प्रकार जो श्री गुरु गोरक्षनाथ जी की पूजा करता है। वह उस-उस कामना को हस्तगत कर निश्चय ही विजय प्राप्त करता है। पुरश्चरण काल में बुद्धिमान साधक के, सवालाख जप करना चाहिए। उसका दशांश ''हवन'' घृत शर्करा मधु युक्त खीर द्वारा करना चाहिए। उसका दशांश तर्पण चन्दन युक्त जल से करना चाहिए। उसका दशांश अष्ट गंधादि द्वारा अभिषेक करना चाहिए और अभिषेक का दशांश उत्तम

नाथ सन्तों को और नाथ भक्तो को मिष्ठान अन्न (भोजन) एवं दक्षिणा दानादि से संतुष्ट करना चाहिए। इस प्रकार पुरश्चरण की क्रिया कर साधक सिद्ध हो जाता है और तब वह प्रयोगों को करने में निश्चित रूप से सक्षम हो जाता है।।६८-६९-७०-७१-७२।।

तत हृदये नाथ संयुज्य शेषं प्रति।
निर्माल्यमीशानं क्षिपेत् वत्तं च परिकल्पयेत्।।७३।।
प्रसादं गृहित्वा च साधकाः भक्तैः सह।
भक्त्यानन्दं समाध्यानन्दं भक्तिरस स्वयमीश्वर।।७४।।

भावार्थः-इसके पश्चात् (अर्थात् पंश्चतत्वादि चक्र पूजा साधना तथा जप हवन तर्पनादी) के पश्चात हृदयरथ श्री गुरु गोरक्षनाथजी को (यन्त्रस्त पूजा-हवनादि) शेष का (बचा हुआ पूजा साहित्य तथा भोग प्रसाद) के प्रति उन्मुख कर ईशान कोन में वृत्त कि कल्पना करके निर्माल्य छोड़े और साधकों या भक्तों के साथ भक्ति भाव पूर्वक (श्री नाथजी का) प्रसाद ग्रहण कर अपनी भक्ति सह महद्-आनन्द में (भक्ति-आनन्द-भावानन्द समाधि का आनन्द सच्चिदानंद इ० भक्तिरस में) विहार करे।।७३-७४।।

गोरक्ष साधनं मूलं जपादिकस्य मूलकम्
श्रृणोदयं तु गोरक्षम् जीवन मूलमेवय च।।७५।।
ऐहिक परलोकस्य गोरक्ष ही तु मूलकम्।
नाथ मूलं तपः सर्वत्र धर्म अर्थादिकम् चतुः।।७६।।

भावार्थः- गुरु गोरक्षनाथजी ही साधना जपादि का

मूल है। श्री गोरक्षनाथ ही जीवन का मूल और वही इहलोक एव परलोक का मूल है। श्री गोरक्षनाथ जी ही तप का मूल है। हे उदय नाथ सुनो धर्म अर्थ काम एवं मोक्ष का भी मूल गोरक्षनाथ ही है।।७५-७६।।

गोरक्ष मूलं सर्वाणि स्थावराणि जङ्घमानि च।
अज्ञानात् पापिनिः सर्वे यान्ति नरकादिम्।।७७।।
तस्मा .त्सर्व प्रयत्नेन् साधकंश्च शिवाज्ञया।
साधकोः साधनां ध्ययित्, अन्यथायान्ति रौरवम्।।७८।।

भावार्थः- जड़ और जङ्गम का मूल गोरक्ष नाथजी ही है। इस तथ्य को न समझकर अज्ञान से पापी लोग निश्चित रूप से भयानक नरक मे जाते है। इसलिए भगवान शिव की आज्ञा के अनुसार साधक प्रयत्न करके श्री गुरु गोरक्षनाथजी का प्रसाद एवं नाथ सिद्धों की योग साधना को धारण करना चाहिए अन्यथा साधक रौरव नरक में जाते है।।७७-७८।।

इदं पूजादिकं सर्व गोरक्ष प्रतिकारकम्।
गोरक्षनाथ पूजनेन् प्रसन्नोभवतिसर्वदा।।७९।।
चक्र पूजां सम केचिद् नास्ति सिद्धिः प्रदायकम्।
गोरक्ष सदा रक्षति यो मंत्र यंत्र च नित्यं जपति।।८०।।
उदय सर्वाणि कर्माणि आवाहनादि मेव च।
गन्धादि लेपनं चैव पूजयेद विविधेन च।।८१।।
यन्त्र चक्रं समं केचिद् नास्ति ज्ञाने तु अन्यके।
महाप्रीतिर्भवेद नाथ सिद्धो भवति तत्क्षणाद।।८२।।

भावार्थः- यहाँ सारा पूजनादि श्री गुरु गोरक्षनाथजी

को प्रसन्न करता है। श्री गोरक्षनाथजी के यन्त्र और मन्त्र से की गयी पूजा से गुरु गोरक्षनाथजी अत्याधिक प्रसन्न होते है। चक्र पूजा (पञ्चतत्वादि-योग साधना-कुण्डलिनी चक्र जाग्रती) यह महापूजा है। उसके जैसी कोई सिद्धि नहीं है। यह गोरक्षनाथजी के यन्त्र जैसी कोई सिद्धि नहीं है। यह श्री गुरु गोरक्षनाथजी के यन्त्र पूजा एवं मन्त्र जाप नित्य करने से श्री गुरु गोरक्षनाथजी नित्य रक्षा करते हैं। उसमें आवाहनादि सभी कर्म कर उस पर विविध प्रकार के गन्धादि का लेपन करे। इससे गुरु गोरक्षनाथ जी को अत्यंत प्रसनन्ता होती है और साधक शीघ्र ही सिद्ध हो जाता है। मेरे ज्ञान में यन्त्र पूजा-चक्र पूजा जैसी समान अन्य कोई भी पूजा नहीं है।।७९-८०-८१-८२।।

।। इति श्री गोरक्ष तन्त्रे उदयनाथ-आदिनाथश्वर।।

संवादे तृतीयोध्यायः समाप्त

अथ चतुर्थोऽध्यायः

।। गोरक्ष मन्त्रम् ।।

(श्री गोरक्षनाथजी के मन्त्र)

"श्री आदिनाथ उवाच"

श्रेष्ठोयद् परमं मन्त्रं सादरं श्रृणु योगिनी।
यं जपेत् किंचित् मात्रेण, सर्व कामार्थ सिद्धये।।१।।
इन्द्रादिक त्रिदेवंच, यक्ष मन्धर्व किन्नरान।
योगिनी सिद्धिः नायिका च डाकिनी भैरवादयाः।।२।।
ज्ञानी विज्ञानीश्च साधयतिस्वंस्वं मनोरथाः।
प्रसादे इदमागत्यं स्वकीय विषयान्तिता।।३।।
दुर्लभं गोरक्ष मन्त्रेण, श्रेष्ठता च परां गतिम्।
स्वर्गे मृत्युलोके च पाताले सिद्ध साधकाः।।४।।

भावार्थः- श्री आदिनाथजी ने कहा हे (उदयनाथ) योगिनी परम अति श्रेष्ठ मन्त्र कहता हूँ। उसे आदर सहित सुनो। यह साधना करने मात्र से त्रिदेव इन्द्रादि देव यक्ष गन्धर्व किन्नर योगिनी डाकिनी भैरवी नायिका और सभी नाथ सिद्ध सन्तों के सहित सभी की कामना पूर्ण होती है। ज्ञानी और विज्ञानी भी अपने-अपने मनोरथ को पूर्ण करते हैं। स्वर्ग लोक मृत्यु लोक और पाताल लोक में जो भी सिद्ध साधक है। वह श्री गुरु गोरक्षनाथ जी के दुर्लभ मन्त्र से श्रेष्ठ

योग्यता को प्राप्त करते हैं।।१-२-३-४।।

ग्रों ग्रों ग्रों त्रीणिबीजानि हूँ हूँ द्वेय बीज्वकम्।
हिं हिं द्वे बीजे पुनः गोरक्षं वदेत्।।५।।
निरंजनात्मनः शब्दं पूर्वोक्तं बीजं कल्पयेत।
द्वेऽन्ने प्रोक्तं अस्त्रं ठः मन्त्रं तन्त्रेषु दुर्लभम्।।६।।

अथ मन्त्र

ग्रों ग्रों ग्रों हूँ हूँ हि हिं गोरक्ष निरंजनात्मने हि हि हूँ हूँ ग्रों ग्रों ग्रों फट् स्वाहा

भावार्थः-हे उदयनाथ पार्वति आपने तीन बीज (ग्रो ग्रों ग्रों) उसके बाद दो क्रोध बीज (कूर्य) (हूँ हूँ) और दो माया बीज (हिं हिं) फिर गोरक्ष कहना चाहिए तब निरन्जनात्मने शब्द और पूर्वोक्त। बीजों की पुनः कल्पना करनी चाहिए और अन्त में दो अस्त्र दो ठं (फट् स्वाहा) यह सभी तन्त्रों मे दुर्लभ मन्त्र कहा गया है।।५-६।।

आदौ ॐकारं प्रोक्तं महापातक नाशनम्।
दुर्लभोत्रिलोकेषु चतुर्वर्ग प्रदायकम्।।७।।
यस्य स्मरण मात्रेण सर्व विघ्नः विनाशनम्।
सर्वाण्यभद्राणि पतंगानि दह्यते यथाग्निः।।८।।

भावार्थ-पूर्वोक्त मन्त्र के आदि में प्रणव (ॐ) लगाने से महापातक नष्ट हो जाते हैं एवं चार वर्गों (धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष) की प्राप्ति होती है। यह मन्त्र तीनों लोकों

मे दुर्लभ है। इस मन्त्र के स्मरण मात्र से ही सभी प्रकार के विघ्न उसी प्रकार नष्ट होते है। जैसे अग्नि मे पतंगे जलकर भस्म हो जाते हैं।।७-८।।

गृहीत्वा मत्रं मात्रेण प्रियो भवति सः नरः।
भक्तिः मुक्ति करे तस्य जीवनन्मुक्तो भविष्यति।।९।।
तंहदि स्वयं वसति लक्ष्मी मुखे साक्षात् सरस्वतिः।
जायते तस्य वंश वृद्धिः भवेत् कुलंमजरामरम्।।१०।।

भावार्थः-मन्त्र लेते ही मनुष्य सभी लोगों का प्रिय बन जाता है। भोग और मोक्ष उसके हाथ मे आ जाते हैं। और वह जीवनमुक्त भी हो सकता है। स्वयं लक्ष्मी उसे वरण कर लेती है और साक्षात् सरस्वति उसके मुख में निवास करती है तथा उसके वंश वृद्धि और कुल परम्परा अमर हो जाती है।।९-१०।।

श्रृणु उदयनाथः सर्वेषु गोरक्षेषु पीठादिकः।
अभीष्ट सिद्धिमाप्नोति नात्र किंचित् संशयः।।११।।
मंत्रस्य प्रभावेण पलायन्ति हिंसकान् सर्वान।
सादर नमस्कुर्वन्ति, विद्रदामरहर्निशं सदा।।१२।।

भावार्थः-हे उदयनाथजी सुनिये सभी गोरक्षादि पीठों में आश्चर्य जनक सिद्धि होती है। इसमें कोई भी शंका नहीं है और इस मन्त्र के प्रभाव से सभी हिंसक पशु भाग जाते हैं तथा सत्पुरूष जन आदर से आदेश सहित नमस्कार करते हैं।।११-१२।।

कोट्यनन्त सहस्त्रेस्तु शतैकोटि मुखादपि।
वर्णितं मन्त्रं माहत्म्यं नशक्यते योगिनी।।१३।।
योगनी न्यासं पूजनं च सर्व पूर्वमुच्यते।
पुरश्चर्यं यथा विधिः नव सहस्र मनसा च।।१४।।
नवशतं मंत्रं जपेत तत्दशांशाहुतिं दध्यात्।
आप्नोति मंत्र सिद्धिश्च एतत्त्वरित साधकों भवेत।।१५।।

भावार्थः- हे योगिनी करोड़ों हजारों और करोड़ों सैकड़ों मुखों से भी इस मन्त्र की महिमा का वर्णन करना अशक्य है। न्यास पूजनादि सभी बाते पहले ही (तृतीय अध्याय) कही जा चुकी है और इसके पुरश्चरण में यथा विधि नौ हजार जाप और नौ सौ मन्त्र द्वारा उसकी दशांश आहुतियाँ प्रदान करे। इससे साधक को मन्त्र सिद्धि मिल जाती है और वह इसका प्रयोग करने में सक्षम हो जाता है।।१३-१४-१५।।

श्रृणु गोरक्ष ध्यानं च धनं धान्यं सुखं प्रदाम्।
हरति तत्क्षणं दारिद्रयं, मंत्रं न कोऽपि संदेहम्।।१६।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती श्री गुरु गोरक्षनाथजी का ध्यान सुनिये जो धन-धान्य और सुखदायक है। क्षण भर में ही दरिद्रता का नाश कर देता है। इसमें सन्देह नहीं है।।१६।।

।। गोरक्ष ध्यानम्।।

आदि शिव स्वरूपेण गोरक्षनाथ सर्वदा।
महायोगी परंज्ञानी सिद्धिश्च मुक्ति दायकम्।।१७।।

ध्यायेनित्यं गोरक्षम वृक्षाधे वह निभं चारू चद्रा वतं सं।

कर्पूर कान्तिं सम च अक्षयं वर मुद्रा भीति हस्तं प्रसन्नम्।।१८।।

पद्मासीनं समन्तात् व्याघ्र कृतिं वसानं सुललितं जटाश्य।
ब्रह्मादि दैवतं सदैव वन्दनीयं त्रिनेत्र तं नमामि।।१९।।

ऋद्धिः सिद्धिः स्वरूपाय कृपया भक्त सर्वदा।
स्वयंभू ज्योति रूपाय, शिव गोरक्षं भजाम्यहम्।।२०।।

सर्वदा तु कलौ काले महापातक नाशकम्।
यः भुक्ति योग सहितं च सर्वदानन्द दायकम्।।२१।।

भावार्थः- श्री गुरु गोरक्षनाथजी जो सदा सर्वदा शिव आदिनाथ जी स्वरूप और महायोगी परम ज्ञानी परम सिद्ध एवं मोक्ष मुक्ति प्रदान करने वाले है। वटवृक्ष के नीचे रहने वाले जिनके मस्तक पर चन्द्र विराजमान है। जिनकी कर्पुर समान कान्ति है। जिनके हाथ अक्षय मुद्रा एवं वर मुद्रा से सुशोभित है और जो सदैव प्रसन्न चित्त वाले है। पद्मासन लगाए व्याघ्राम्बर धारण किये हुए सुन्दर जटाधारी तथा ब्रह्मादि सभी देवो द्वारा सदैव वन्दनीय ऐसे त्रिनेत्र वाले गुरु गोरक्षनाथजी को मैं नित्य ही नमस्कार करता हूँ। ऋद्धि और सिद्धि स्वरूप सर्वदा भक्तों पर कृपा करने वाले एवं स्वयंभू ज्योति स्वरूप साक्षात शिव स्वरूप गुरु गोरक्षनाथजी का मैं भजन करता हूँ। जो कि कलियुग में सर्वदा बड़े-बड़े

पापों का नाश कर भोग और योग सहित सभी प्रकार का आनन्द देने वाले हैं।।१७-१८-१९-२०-२१।।

योगिनी परमं गुह्यं ध्यानमपि दुःख नाशकम्।
सर्वेषु तन्त्रेषु परं गुह्यं तव स्नेहात्प्रकाशितम्।।२१।।

भावार्थः- हे योगिनी यह (गुरु गोरक्षनाथजी का) ध्यान परम गुप्त और दुः ख नाशक है। सभी तन्त्रों में यह अत्यन्त गुह्य है, तुम्हारे स्नेह भाव होने से मैंने इसे प्रगट किया है।।२१।।

।।इति श्री गोरक्ष तन्त्रे उदयनाथ आदिनाथेश्वर।।
संवादे चतुर्थोऽध्यायः समाप्त

अथ पञ्चमोऽध्यायः

।। गोरक्ष-पूर्णाभिषेक-विधानम् ।।

(श्री गोरक्षनाथ का सम्पूर्ण अभिषेक का विधान)

"श्री उदयनाथ पार्वत्युवाच"

आदिनाथो महानाथो, महाज्ञानी च वन्दनीयम्।
पूर्णाभिषेकविधिं ''साबरं'' वद्मांमुक्तिदायकम्।।१।।

भावार्थः- श्री उदयनाथ पार्वति ने कहा हे परमवन्दनीय, महाज्ञानी एवं महानाथजी आदिनाथजी शाबर (मन्त्रतंत्रादि) विधि के द्वारा पूर्णाभिषेक के सम्बंध में मुझे बतलावो जो मोक्ष-मुक्ति दायक है।।१।।

"श्री आदिनाथजी उवाच"

श्रृणु योगिन्युदय नाथ! पूर्णाभिषेको परमाद्द्भुतम्
आशान्वितं पूर्तिं च गोरक्षं प्रदायक्।।२।।

भावार्थः- श्री आदिनाथजी ने कहा हे योगिनी उदयनाथजी अत्यन्त विलक्षण पूर्ण अभिषेक के सम्बन्ध में सुनो जो सभी आशाओं की पूर्ति करने वाला और गोरक्षत्व को देने वाला (अर्थात वरदान देने वाला) है।।२।।

आवह्येत गुरु श्रेष्ठः पूजयेतभिषेकं विधिम्।
गुहयाति गुह्यं स्थले रम्ये सिद्धेस्य चरेत।।३।।
सुवासिभूषणानि च सद्गुरुमर्पयेत्।
भक्तगणा समानीय तत्वानि च श्रृणुयत्नतः।।४।।

दीक्षितादीक्षिता वा सर्व मनसा जपेत्।
आप्नोति सत्गुरुलोकं योगिन्यत्र न संशयः।।५।।

भावार्थः- योग ध्यान में पारंगत ज्ञानी और सभी में श्रेष्ठ उत्तम सद्गुरुजी को आवाहित (आमंत्रित) करके अभिषेक विधि करे। अत्यन्त गुप्त और शुद्ध तथा सुन्दर स्थान में (आश्रम में) जो नाथ योगिओं द्वारा समर्पित हो भक्तगण और तत्वो (पूजनादि सामग्री) को सुन्दर प्रयत्न करके साथ एकत्रित करे। फिर वही दिक्षित (विशेषतः) नाथ सिद्धों को वुलाकर भक्ति पूर्वक विठाए। तव अभिषेक के वस्त्रादि आभूषणों से सद्गुरु जी का पूजन करे।।३-४-५।।

पूजयेत विधिना श्रद्धया शम्भु नादेन ॐ कारेण च।
स्तुवन्निर्मलेन भावेनभिषेकं मृदुलं वदेत।।६।।
बोहाय पयाभिषेकं भैरसौवर्य कुरुमेसदा।
हे! नाथ सिद्धेश्वर अभिषेकं विधिं कुरु
शरणागतोस्म्यहम्।।७।।

भावार्थः- सद्गुरुजी को विधिवत एवं श्रद्धा पूर्वक नमस्कार (नादि आदेश या ॐकार उठाकर शम्भु आदेश) करे। और उनका स्तवन करके उन्हे प्रसन्न करे। फिर शुद्ध भाव से एवं मृदु वोल कर प्रार्थना करे। कि हे गुरुदेव अभिषेक विधि को वतलाकर मुझे कृतार्थ करे। हे कृपावन्त, हे नाथजी हे सिद्ध गुरुदेव मैं आपकी शरण में आया हूँ अतः अभिषेक विधि को करे।।६-७।।

ततो रात्गुरुं प्रसन्नोभूत्त्वा तत्त्वानां शोधनं कुरु।
मन्त्रैर्मुद्रैर्युक्त कलशस्य स्थापनं कुरु।।८।।
धूपदीपैश्चचितानै च सुगनधीनि पुष्पाणि च।
योविधिना पूज्यश्च नित्यं स सत्गुरंमहीते।।९।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती तब ज्ञानवन्त सद्गुरुजी प्रसन्न होकर तत्वो का शोधन करे, और मन्त्र एवं मुद्राओं द्वारा अपने सन्मुख कलश की स्थापना कर धूप दीप आदि के द्वारा (स्थान को) वातावरण को प्रफुल्लित कर विविध पुष्पों-सुगन्धियों और सभी प्रकार की सामग्रियों से पूजन करे।।८-९।।

रंचितं तन्त्रोस्तविधिना यत्रं, शास्त्र सम्भत्संयुतम्।
अभिषिक्त्वा गोरक्षस्य जल कुम्भ निर्मलम्।।१०।।
समाप्य महती पूजां तत्त्वानिपचं सन्निवेघ च।
गुरुसमर्पयेद पश्चाद स्वयमेवं प्रसादं गृहेत।।
अमृताभिषेकं पूर्व गुरुं दद्यात्पश्चात् स्वयमेवपिवेत्।।११।।

भावार्थः- तन्त्रोक्त विधि से चक्र की रचना (अर्थात पूजनादि साहित्य एवं साधकों के चक्रासन इ०) करके गुरु गोरक्षनाथ जी (अर्थात-मूर्ति या चरण पादुका या नाथ सिद्ध गोरक्ष यन्त्र इ०) का कुम्भ के निर्मल जल से अभिषेक करे। और महापूजा को समाप्त कर तत्वों (पंचतत्वात्मक भोग-ताम्बुल इ०) को अर्पित कर चुकने पर प्रथम सद्गुरुजी को प्रसाद देकर तब थोड़ा प्रसाद स्वयं ग्रहण करे। तथा अभिषेक का अमृत (तीर्थ) का

उन्हें पान कराए और स्वयं पान करे।।१० ११।।

अतः प्राणायाममुद्रादि पंचतत्वानि साधयेत।
येन परमसुखानन्दयोः विहरणं कुरु।।१२।।
साधकमचलं सिद्धिर्भवतु निश्चला।
अभिषेचना साधना कर्म निर्विघ्नं भवति निश्चितम्।।१३।।

भावार्थः- अब प्राणायाम एवं मुद्रादि पंचतत्वात्मक साधना करके सुखानन्द एवं परमानन्द में विहार करें और कहे कि साधना करने वाले को अटल सिद्धि प्राप्त हो, इस प्रकार 'अभिषेक' साधना कर्म निश्चय ही शीघ्र और निर्विघ्न सम्पन्न होता है।।१२-१३।।

चक्रालयान्निः सरेन्न जन एकोऽपि उदय।
प्रातर्कृत्कर्माणि कुर्यात तत्रैव साधकः।।१४।।
त्रीणि दिनानि यावत्, भक्तयो तांस्तु समर्चयेत।
नवं च एको वेंशतिका एकचत्वारिशत् दिनानि च।।
तदर्हर्निशं भवेत् पूजां, गोरक्षसिद्धिर्भवेत्।।१५।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती चक्रालय से एक भी व्यक्ति (साधक) बाहर न निकले, प्रत्येक साधक को वही प्रातः कृत्यादि समस्त कार्य करने चाहिए। इस प्रकार तीन दिनों तक, नौ, इक्कीस या इकतालीस दिनों तक साधक रात-दिन भक्ति पूर्वक उन सबका अर्चन करे तब वह गुरु गोरक्षनाथजी का (अर्थात मूर्ति या चरण पादुका या श्री नाथ सिद्ध गोरक्ष यन्त्र) का अभिषेक होता है।।१४-१५।।

उदयं श्रृणु सादर विधिं वक्ष्ये अनुष्ठान।
दीर्घादीर्घ प्रमाणं घटमानयेत्।।१६।।
मृतिका, ताम्रेण वापि स्वर्णेन निर्मितं च वा।
अष्टधातु पंच धातु च धातु नवम तथैव च।।१७।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती सादर सुनो जो अनुष्ठान विधि बतलाता हूँ। न बहुत बड़ा न बहुत छोटा उचित रूप का घट ले आये चाहे मृतिका का हो चाहे ताम्बे का बना हो या सोने का अथवा अष्टधातु या पञ्च धातु या नौ धातुओ का हो।।१६-१७।।

नाना लंकार वस्त्राणि नाना द्रव्याणि भूरिशः।
केशरं कस्तुर्यष्टगंधः नाना गन्धीनि वस्तूनि च।।१८।।
बिल्व पत्राणि पुष्पाणि पञ्च तत्वानि यत्नतः।
विहितान् धूप दीपश्च घृतं प्रयत्नतः आनयेत।।१९।।

भावार्थ- विविध प्रकार के आभूषण और वस्त्र विविध प्रकार के द्रव्य पर्याप्त मात्रा मे केशर कस्तुरी, अष्टगध और विविध प्रकार के सुगन्धित पदार्थ एकत्र करे। बिल्व पत्र-फुले तथा फल इ० विविध प्रकार से पंचतत्व यत्नपूर्वक धूप तथा घृतदीपक प्रयज्ञ करके लाए।।१८-१९।।

ततः शिष्यं समाहूय गुरु पूजालये उदय।
भक्ताभिः साधकै सार्द्धं पूजनं च समाचरेत्।।२०।।

विधियुक्तं भक्त्युक्त चेतसा।
पूजां समाप्य गोरक्षस्तु स्तवैस्तु प्रणमेन च।।२१।।

भावार्थः- तब हे उदयनाथ पार्वती-सद्गुरुदेव शिष्य को (शुद्ध) पूजन स्थान में लाएं और (नाथ) भक्त तथा साधकों के साथ पूजन करे। अध्याय में बताई विधि से भक्तिपूर्वक गुरु गोरक्षनाथजी की पूजा समाप्त करे और आनन्द के साथ स्तुतियों द्वारा नमस्कार करे।।२०-२१।।

ततो हि शिव शक्तिं गन्ध-माल्यानि सुशोभितिम्।
आसनं वस्त्रं -भूषाश्च प्रत्येकं योगेश्वरि।।२२।।
ततः शंखघंटिकादि-वाद्यश्च पश्चात् मंगलमाचरेत्।
घट स्थापनं पूर्वक क्रमात तंत्रं श्रृणुप।।२३।।

भावार्थः- तदनन्तर हे योगेश्वरी शिव (आदिनाथजी) शक्ति (उदयनाथ योगिणी) को गन्ध पुष्प मालादि से सुशोभित करे। प्रत्येक को आसन वस्त्र और आभूषण प्रदान करे। तब शंखादि वाद्य बजाते हुये, मंगलचरण का गान करते हुए 'घट' की स्थापना करे। हे उदयनाथ उसकी विधि सुनो।।२२-२३।।

प्राण-बीजेन सम्प्रोक्ष्य वाग्भवनैव शोधयेत्।
शक्तया कलश मारोप्य मायया पूरयेज्जलैः।।२४।।
दक्षिणापञ्चरत्नानि स्नानं च विन्यसेत तंत्र यत्नतः।
आवाहयेच्य तीर्थानि मन्त्रेणाने नं देशिकः।।२५।।

भावार्थः- प्राण बीज (ॐ सोंह) से 'घट' का प्रोक्षण

कर वाग्भव (ऐं) से उसे शुद्ध करे। शक्ति (सौः) से कलश को स्थापित कर माया (ह्रीं) द्वारा उसे जल से भरे। उसमें यत्न पूर्वक दक्षिणा (पैसे) तथा (या) पाँच रत्न (मोती, मुँगा, इ०) डाले और निम्न मन्त्र से तीर्थों का आवाहन करे।।२४-२५।।

ॐगंगाद्या सरितः सर्वाः समुद्राश्च सरांसि च।
सर्वे समुद्राः सरिताः सरांसि जलदा नदाः।।२६।।
ह्रदा प्रस्रवणाः पुण्याः स्वर्ग पाताल भू-गताः।
सर्वाणि तीर्थानि पुण्यानि, घटे कुवन्तु सन्निधिम्।।२७।।

भावार्थः- गंगा आदि सभी नदियाँ और समुद्र तथा सरोवर सभी सागर एवं धाराएं तालाब नद और जलाशय पवित्र झरने आदि जो समस्त पवित्र तीर्थ स्वर्ग पाताल और पृथ्वी में है वे सब इस ''घट'' में प्रविष्ट हो जाये।।२६-२७।।

लक्ष्मी बीजेन मंत्रेण पल्लवं प्रतिपादयेत।
कूर्चेन नारिकेलं दान स्याद् गन्धं वस्त्रं ह्रदात्मना।।२८।।
वधू बीजं सिन्दुर पुष्प दद्यात्तु कामतः च।
मूलेन बिल्वपत्रं प्रणवै कुर्यादभ्युक्षणं ततः।।२९।।
हूँ फट स्वाहेति अस्त्रठव्दय कुरु दर्भेश्च मार्जनम।
ततः स्मरेत् गोरक्षं च तत्र तु घटं पूजयेत।।३०।।
स्व-तन्त्रोक्त-विधानेन प्रार्थयेदमुना बुधः।
घटोपरि स्थापयेद्धस्तं गुरु शिष्यौ च प्रार्थयेत्।।३१।।

भावार्थः- लक्ष्मी वीज (श्रीं) से घट के ऊपर अभिमंत्रित पल्लव रखे। कूर्च (हूँ) से फल (नारियल पाणीवाला) से फल दे और हृद (नमः) से गन्ध एवं वस्त्र प्रदान करे। वधू वीज (स्त्री) से सिन्दुर और कामवीज (क्लीं) से पुष्प चढ़ाए। मूल मंत्र का उच्चारण करते हुये विल्वपत्र चढ़ाकर प्रणव (ॐ) से घट का अभ्युक्षण करे 'अस्त्र ठंद्वय' (हूँ फट् स्वाहा) से कुशो द्वारा घट का मार्जन करे। तब घट में गुरु गोरक्षनाथजी का स्मरण करके उसका पूजन करे। इसके बाद उस घट के ऊपर अपने तन्त्रोक्त विधान से हाथ रखकर गुरुदेव एव शिष्य निम्न मंत्र द्वारा घट से प्रार्थना करे।।२८-२९-३०-३१।।

ॐ उत्तिष्ठ नाथ-कलश। देवताऽभीष्ट-दायकम्।
सर्व तीर्थाम्बु सम्पूर्ण पूरयास्माकं मनोरथम्।।३२।।

भावार्थ- अर्थात समस्त तीर्थो के जल से पूर्ण एवं देवता के अभीष्ठ फल को देने वाले हे! श्रीनाथकलश उठो और हमारे मनोरथ को पूर्ण करो।।३२।।

अभिषिच्चेत् गुरुं शिष्यः मन्त्रैश्व योगिनि।
पल्लवैश्च विल्वपत्रेश्च नति मेव गोरक्ष्यमेव च।।३३।।
मड़लैनिखिलै द्रव्यै साधकैः शक्तिभिः सह।
आनन्दै परमेशानि भक्तानां हितकारिणी।।३४।।

भावार्थः- हे योगिनी परमानन्दपूर्वक गुरुदेव एव शिष्य निम्नोक्त मन्त्रों का उच्चारण करते हुये विल्वपत्र द्वारा प्रथम गुरु गोरक्षनाथजी का (अर्थात श्री नाथ सिद्ध गोरक्ष यन्त्र-या-गोरक्षनाथजी की मूर्ति-या-चरणपादुका-इ०)

का अभिषेक करे अन्त में उपस्थित सभी साधको और शक्तियों सहित समस्त मण्डल पर जल छिड़के। इससे सभी भक्तो का कल्याण होता है।।३३ ३४।।

ततो अभिषेके न मन्त्रेण पठने विनियोगेन च।
ॐ दक्षमूर्ति ऋषिरनुष्टुप् छन्दः नाथ शक्ति देवता सर्व संकल्पं सिद्धर्थे विनियोगः।।३५।।

भावार्थः- अतः निम्न अभिषेक मन्त्रों का विनियोग का पठन (पाठ) करे। जो दक्षिण मूर्ति ऋषिरनुष्टुप छन्द नाथ शक्ति देवता सर्व संकल्प सिद्ध करे। इती विनियोगाः।।३५।।

।।अभिषेक-मन्त्राः।।

(अभिषेक के लिए मन्त्र)

ॐ योग योगेश्वराय अलख निरंजनाय।
हृदयस्थित गोंडनाथ दिव्य शक्ति समन्वितः।।३६।।
'अ' कार उ कार म कारो मायानाथो महातपः।
एकारस्त्वेक ऐ कार एक मूर्ति त्रिलोचन।।३७।।
रक्षतु तु गोरक्ष मन्त्र शक्ति स्वरूपणम्।
भक्ति भावेन मंत्रेण एत्रौ त्वामभिषिंच्च नमम्।।
पूर्ण रूपं स्वरूपं चं पूरयास्मन्मनोरथम्।।३८।।

भावार्थः- हे योगी योगीश्वर अलख निरंजन जो हृदय में स्थित गों (गोरक्ष) नाथजी दिव्य शक्तिओं से युक्त अकार ऊकार मकार त्रिगुणों से रक्षक अमर माया पती महा तपस्वी रूप विष्णु, एक ही ब्रह्म रूप महेश्वर एक

मूर्ति त्रिलोचन शिव स्वरूप मन्त्र शक्ति रूप से हमारी रक्षा करो और गोरक्षनाथजी यह भक्ति भाव मन्त्र से आपका जलाभिषेक सिन्चन करता हूँ। अतः सर्व स्वरूपों से सम्पूर्ण हमारे मनोरथ पूर्ण करो।।३६-३७-३८।।

ॐ दिगम्बराय धीरो अवधूताय ब्रह्मचारिणे।
योगी नागहारी नागरूपो नागधारिणः।।३९।।
भूतनाथो विपन्नाथो संकट दुष्टमर्दनम्।
भैरवो भैरवाकारो भय हर्ता भवापहाः।।४०।।
रक्षा कुरु मे गोरक्ष मन्त्र शक्ति स्वरूपिणम्।
भक्त्या भावनेन मन्त्रेण रक्षत्वंमभिषिश्चनम्।
सर्वस्वरूपो सम्पूर्ण पूरयास्मन्मनोरथम्।।४१।।

भावार्थः- दिगम्वर धैर्यशाली अवधूत ब्रह्मचारी योग के प्रभाव से गुप्त हाल जानने वाले सर्पो को परास्त करने वाले नागरूपधारी, नागों को धारण करने वाले भूतों के नाथ, विपत्तिओ का नाश करने वाले, संकटों के हरण करने वाले: दुष्टो का मर्दन करने वाले, भैरवनाथ भैरवोकार भय का हरण करने वाले ओर संसार का भय दूर करने वाले हे गोरक्षनाथजी इन मन्त्र शक्ति रूप से हमारी रक्षा करो। भक्ति भाव मन्त्र से यह तुम्हारा जलाभिषेक सिन्चन करता हूँ। अतः सर्व स्वरूपों से सम्पूर्ण मनोरथ पूर्ण करो।।३९-४०-४१।।

ॐ गुरु प्रियं शिष्य प्रियं भक्त प्रियं गुरुरूपी।
'ऋ' करो मन्त्र रूपी तंत्र कारो ऋ सुतमर्दनः।।४२।।

हं कारो यं कारो रं कारो वं करो लं कारो च।
सृष्टि कर्तृभर्तृश्च जगत प्रलय कारकः।।४३।।
रक्षं कुरु तु गोरक्षं मन्त्र शक्ति रूपिनम्।
भक्ति भावेन मन्त्रेन एते त्वामभिषिच्यन्तुम।।
सर्व स्वरूपं सम्पूर्ण पूरयास्मन्मनोरथम्।।४४।।

भावार्थः-ॐ सतगुरु के प्रिय, शिष्यप्रिय, भक्तप्रिय गुरु स्वरूपी, आप गायत्री स्वरुप मन्त्र रूपी तन्त्र स्वरूपी असुरो के नाश करने वाले, आकाश (हं) रूपी वायु (यं) रूपी तेज (रं) रूपी जल (वं) रूपी धरती (लं) रूपी और सृष्टि के कर्ता, पालक जगत के प्रलय करने वाले हे गोरक्षनाथजी इन मन्त्र शक्ति रवरूप से हमारी रक्षा करो। भक्ति भाव मन्त्र से यह तुम्हारा जल सिन्चनाभिषेक करना हूँ। अतः सर्व स्वरूपों से हमारे सम्पूर्ण मनोरथ पूर्ण करो।।४२-४३-४४।।

ॐ श्मशान भैरव नाथ कालं तथा जटेश्वरः।
परापरा गोरक्षं अस्त्र-शस्त्र च धारिणम्।।४५।।
शाबरं सिद्धिश्च कालंच शक्ति दिव्य ब्रह्मास्त्र तथा।
नित्याऽनित्य क्षेपणं च गोरक्ष तू रुद्र रूपिणम्।।४६।।
भक्ति भावेन मन्त्रेन एते त्वामभिषिच्चनम्।
सर्व स्वरूपम सम्पूर्ण पूरयास्मन्मनोरथम्।।४७।।

भावार्थः- ॐ हे जटेश्वर श्मशानी भैरव, कालरवरूपी तथा परा अपरा गोरक्षनाथजी अस्त्र शरत्र धारण किये हुये. शावर सिद्ध काल शक्ति तथा दिव्यास्त्र ब्रह्मास्त्र नित्या-नित्य गोरक्षनाथजी आप रुद्र रूप से मारण

करते हो अतः हे गोरक्षनाथजी आप ये मन्त्र शक्ति रूप से हमारी रक्षा करो। भक्ति भाव मन्त्र से यह आपका जल सिन्चन अभिषेक करता हूँ। अतः सर्व स्वरूपों से हमारे सम्पूर्ण मनोरथ पूर्ण करो।।४५-४६-४७।।

ॐ घोराघोर रूपेण, उग्र-भद्र नाथस्थतः।
ग्रों ग्रों गोरक्षं मारणोच्चाटदिकम्।।४८।।
सत्त्वरजतमश्चैव त्रिकालेष्वपराजितः।
स्वर्ग मृत्युं पातालं च त्वं हि सर्वरक्षकम्।।४९।।
रक्षा कुरु में गोरक्षः मन्त्र शक्ति स्वरूपिणम्।
भक्ति भावेन मन्त्रेण स्त्वामभिषिंच्चनम।।
सर्व स्वरूपम् सम्पूर्ण पूरयास्मन्मनोरथम्।।५०।।

भावार्थः- हे ग्रों ग्रों गोरक्षनाथजी आप अत्यंत उग्र घोर अघोर तथा भद्र नाथ रूप में मारण उच्चाटानादि क्षण भर में कर देते है और राजस सात्विक एवं तामसि तीनों गुणों से त्रिकाल ज्ञानी आप अ-पराजित हो तथा हे गोरक्षनाथजी आप स्वर्ग मृत्यु पाताल (तीन लोक के) सर्वांसर्व रक्षा करने वाले हो। अतः हे गोरक्षनाथजी आप यह मन्त्र शक्ति रूप से हमारी रक्षा करो! भक्ति भाव मन्त्र से यह आपका जलाभिषेक सिंचन करता हूँ अतः सर्व स्वरूपों से हमारे सम्पूर्ण मनोरथ को पूर्ण करो।।४८-४९-५०।।

ॐ अभिचाराणि सर्वाणि मन्त्र यन्त्राणि भूतले।
भूचराः खेचराश्चैव जलजाश्चोपदेशिका।।५१।।

सहजा कुलजा माला डांकिनी शाकिनी तथा।
अन्तरिक्षचरा घोरा डाकिन्यश्च महाबलाः।।५१।।
ग्रह भूत पिशाचश्च यक्ष गर्धव राक्षसाः।
ब्रह्म राक्षसः वेतालाः कूष्माण्डा भैरवादयः।।५३।।
नश्यन्ति दर्शनात्तस्य तुभ्यम् हृदि संस्थिते।
या रक्ष कुरु तु गोरक्ष मन्त्र शक्ति स्वरूपिणम्।।५४।।
भक्ति भावेन मन्त्रेन एते त्वामभिषिच्चनम्।
सर्वारिष्ट् विल्पवा च पूरयास्मन्मनोरथम्।।५५।।

भावार्थः- इस पृथ्वी पर जारणमारण आदि जितने अभिचारक प्रयोग होते है। इस प्रकार के जितने ही तंत्र मंत्र होते हैं। वे ही नहीं पृथ्वी पर विचरने वाले ग्रामदेवता, आकाशचारी देव विशेष जल के सम्बन्ध से प्रगट होने वाले गण, उपदेश मात्र से सिद्ध होने वाले देवता कुलदेवता, मालायें डाकिनी शाकिनी अन्तरिक्ष में विचरने वाले अत्यन्त वलशाली भयानक डाकिनियाँ ग्रह भूत पिशाश्च यक्ष गन्धर्व राक्षस ब्रह्म राक्षस वेताल कूष्माण्डा और भैरव आदि अनिष्ट कारक देवता भी आपको हृदय में धारण किये हुये रहने पर उस जीव को देखकर नष्ट हो जाते है। वही आप गोरक्षनाथजी अपने मन्त्र शक्ति रूप से हमारी रक्षा करो। भक्ति भाव मन्त्र से यह आपका जलाभिषेक रिंचन करता हूँ अतः हमारे सर्व अरिष्टों का नाश करके हमारे सर्व मनोरथ पूर्ण करो।।५१-५२-५३-५४-५५।।

ॐ जती सती तपस्विनी ध्यानी ज्ञानी च योगेश्वर।
महाविद्या नवदुर्गा च स्वशक्त्या सहचारिणी।।५६।।
ऋद्धि सिद्धि महामाया नाथ जोगणिस्तथा।
शक्तिपरमगुह्येन रक्षं ते भक्तया प्रियम्।।५७।।
मंत्र शक्त्या तु भक्तान सदारक्षां कुरु।
भक्ति भावेन मन्त्रेन एते स्त्वामभिषिच्चेनम।।
सर्व स्वरूपम् सम्पूर्ण पूरयास्मन्मनोरथम्।।५८।।

भावार्थः- जती-सती-तपस्वी तथा ध्यानी ज्ञानी योगेश्वर, दश महाविद्या, नव दुर्गा यह सब अपने शक्ति द्वारा सहयोगी बने रहते है तथा ऋद्धि-सिद्धियाँ नाथ सिद्ध चौरासठ जोगन महामाया आदि के गुह्यतम शक्ति के (सहयोग) रूप से भक्तों पर (कृपा) दया करके रक्षण करते हो। इन मन्त्र शक्ति रूप से हे गोरक्षनाथजी हमारी रक्षा करो, भक्ति भाव से आपका जलाभिषेक सिन्चन करता हूँ । अतः सर्व स्वरूपों से हमारे सम्पूर्ण मनोरथ को पूर्ण करो।।५६-५७-५८।।

ॐ नागासना रुढ़ा नागास्त्र च शक्तिसहः।
वाममार्गे कापालिकाः त्रिलोके च वन्दितम्।।५९।।
दण्डभैरवाः त्रिशूलधाराय चमेटनं विभूतिय च।
शक्ति क्षेपणं शस्त्रं च तस्मात शत्रु भयभवः।।६०।।
अतोऽहं स्त्रोमि रक्ष भक्तावत्सलम्।
भक्ति भावेन मन्त्रेन एते त्वामभिषिच्चनम।
सर्वारिष्ट विल्पवा य पूरयास्मन्मनोरथम्।।६१।।

भावार्थः- हे गोरक्षनाथजी आप नागासन पर तथा सर्पो पर आरूढ़ नागास्त्र के शक्ति सह वामपंथ के कापालिक हो! आपको तीन लोक वन्दन करते है। भैरव दंड त्रिशूल चिमटा तथा विभूति धारण कर इन शस्त्र द्वारा शक्ति को शत्रु ऊपर (फेकते) छोड़ने हो तो शत्रु भयभित हो जाते है। अतः हे भक्तवत्सल गोरक्षनाथजी आपको प्रार्थना करता हूँ। कि हमारी रक्षा करे। भक्ति भाव से मंत्र से यह आपका जलसिन्चन अभिषेक करता हूँ। हमारे सर्व आरिष्ट को नष्ट करो और हमारे मनोरथ को पूर्ण करो।।५९-६०-६१।।

ॐ चक्रेश्वर चक्रनाथ दिव्यास्त्रं च रुद्रनाथम्।
ब्रह्मास्त्रं पर्जन्य वातास्त्र च सुशोभिताः।।६२।।
रामशरेण बंकरुपेण सुरासुरादर्पमर्दनम्।
चण्ड प्रचण्डा घोराऽ च सर्व विघ्ननाशकम्।।६३।।
अतः रक्षा करुमे नाथं मन्त्र शक्ति रूपिनम्।
भक्ति भावेन मन्त्रेन एते त्वामभिषिच्यनम्।
सर्व स्वरूपं सम्पूर्ण पूरयास्मन्मनोरथम्।।६४।।

भावार्थः- हे गोरक्षनाथजी आप चक्रनाथजी के रूप में चक्रों के ईश्वर हो रुद्रनाथजी के रूप में दिव्य अस्त्र, ब्रह्मास्त्र पर्जन्यास्त्र वातास्त्रों से सुशोभित है। आप बिरबंकनाथजी के रूप में राम-बान द्वारा सूर-असूरों का मर्दन करते हो, चण्ड प्रचण्ड तथा घोर अघोर रुप में सर्व संकटों का नाश करते हो अतः हमारी मन्त्र शक्ति रूप से रक्षा करो और भक्ति भाव मन्त्र से

आपका यह जलसिचन अभिषेक करते है। अतः आप सर्व स्वरूपों से हमारा सम्पूर्ण मनोरथ को पूर्ण करो।।६२-६३-६४।।

ॐ गोरक्षं च बालयोगी तथा योगेश्वरः शिवः।
योगमाया महामाया-दिव्य योगी तथा परा।।६५।।
शिवरूपाय नाथाय मृत्युंजयी परं शून्योऽसि।
रक्षां कुरुमें गोरक्ष! मन्त्र शक्तिं स्वरूणिम्।।६६।।
यो भक्ति भावेन मन्त्रेण एतेस्त्वामभिषिच्चनम्।
सर्व स्वरूपम् सम्पूर्ण पूरया स्मन्मनोरथम्।।६७।।

भावार्थः- हे गोरक्षनाथजी आप बालयोगी और योग के ईश्वर शिव हो तथा योगमाया महामाया के परे आप दिव्य योगी है। आप प्रत्यक्ष शिव के स्वरूपी मृत्युंजयी परम शून्य हो। इन मन्त्र शक्तिओ से हे गोरक्षनाथजी हमारी रक्षा करो। जो भक्ति भावनाओं से मन्त्रों से आपका जलाभिषेक सिंचन करते है। अतः आप सर्व स्वरूपों से हमारा सम्पूर्ण मनोरथ पूर्ण करो।।६५-६६-६७।।

ॐसंवत्सराश्चायनौ च मास पक्षिकौ दिनानि च
तिथयश्चाभिपिन्च्चन्तु प्रसन्नोभवसर्वथा।।६८।।

भावार्थः- सवंत्सर मास पक्ष और दिन तिथि अनुसार जो जलाभिषेक सिंचन करते है अतः आप प्रसन्न होकर हमारा कल्याण करो।।६८।।

ॐ रविः सोमः कुंजः सौम्यो, गुरुः शुक्रः शनैश्चराः।
राहुः केतुश्च सततमभिषिच्चन्तु ते ग्रहाः।।६९।।

एताः सर्वरूपं सम्पूर्ण पूरयास्मन्मनोरथम्।।७०।।

भावार्थः-सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनिचर, राहु एवं केतु इन नवग्रहों से सतत् जलाभिषेक सिंचन करता हूँ। इन सर्व स्वरूपों से हमारे सम्पूर्ण मनोरथ को पूर्ण करो।।६९-७०।।

ॐ नक्षत्रं करणं योगोऽमृतं सिद्धिस्ततः परम्।
दग्धानि सर्वाणि पापानी भद्राणि योगंवार क्षणानिच।।७१।।
वार वेला, काल वेला दण्ड-राश्यादयस्तथा।
एतान् रक्षं तु गोरक्ष मन्त्र शक्तिं स्वरूपिणम्।।७२।।
यो भक्ति भावेन मन्त्रेण एते स्त्वामभिषिच्चनम्।
सर्व स्वरूपम् सम्पूर्ण पूरयास्मन्मनोरथम्।।७३।।

भावार्थः- नक्षत्र, करण, अमृतसिद्धियोग तथा परम सिद्धि योग, क्षण में पापों को जलाने वाले भद्रा योग वार तथा समय काल दण्डित राश्यांगणों दया से इन मन्त्र शक्तियों से हे गोरक्षनाथजी आप हमारी रक्षा करो। जो भक्ति भाव मन्त्र से आपका जलाभिषेक सिंचन करते है। अतः आप इन सर्व स्वरूपों से हमारे सम्पूर्ण मनोरथ को पूर्ण करो।।७१-७२-७३।।

ॐ असितागों रूरूश्चण्डः क्रुधोन्मत्त संज्ञकाः।
कपाली भीषणाख्यश्च संहारोऽष्टौ च भैरवाः।।७४।।
एतान् रक्ष कुरु गोरक्ष मन्त्र शक्ति स्वरूपिणम्।

यो भक्ति भावेन सतत मंत्रेन अभिषिच्चनम।
एताः सर्वरूपेन सम्पूर्ण पूरयास्मन्मनोरथम्।।७५।।

भावार्थः- *ॐ असितांग भैरव, रुरुश्चण्ड भैरव, क्रोध भैरव, उन्मत भैरव, संज्ञक भैरव तथा कपालि भैरव, भीषण भैरव, संहार भैरव यह अष्ट भैरवों से इन मन्त्र शक्तियों रूप से हे गोरक्षनाथजी आप हमारी रक्षा करो जो कि भक्ति भाव मन्त्र से सतत जल सिंचन अभिषेक करते है। इन सर्व स्वरूपों से हमारे सम्पूर्ण मनोरथ को पूर्ण करो।।७४-७५।।*

ॐ डाकिनी-शक्तिकाश्चैव राकिनी शक्तिकास्तथा
लाकिनी-शक्तिश्चान्ये, काकिनी-शक्तिकाः परे।।७६।।
शाकिनी शक्तिका भूयो हाकिनी शक्तिस्तथा।
ततश्च यक्षिणी शक्ति देवी-शक्ति स्ततः परम्।।७७।।
मातृणां च तथा शक्त्योर्ध्व मुख्या शक्तिश्चवै।
अधोमुख्या शक्तिश्चैव उन्मुख्याश्च शक्तिः परे।।७८।।
एतान् रक्ष तु गोरक्षं शक्ति मन्त्रस्य रूपिणम्।
यो भक्ति भावेन मन्त्रेन एते स्त्वामभिषिच्चन्त।।
शक्ति स्वरूपम् सम्पूर्ण पूरयास्मन्मनोरथम्।।७९।।

भावार्थः- *ॐ डाकिनी शक्ति एवं राकिनी शक्ति तथा लाकिनी शक्ति तथा अन्य पराशक्ति काकिनी फिर शाकिनी शक्ति तथा हाकिनी शक्ति ततपश्चात यक्षिणी शक्ति तथा परदेवी शक्ति और सप्त मातृकादि शक्तियाँ*

तथा वास्तव में यह उर्ध्वमुखी शक्तियाँ एवं अधोमुखी शक्तियाँ तथा उन्मुखी शक्ति के परे इन शक्तियाँ मंत्रों के रूप में हे गोरक्षनाथजी हमारी रक्षा करो। जो कि भक्ति भाव मन्त्रों से आपका जलसिंचन अभिषेक करते है। अतः आप सम्पूर्ण शक्ति स्वरूप से हमारा मनोरथ पूर्ण करो।।७६-७७-७८-७९।।

ॐ ब्रह्म विष्णुश्च रुद्रश्चीश्वरा सदाशिवः।
एतान् रक्ष तु गोरक्ष त्रिदेवादी मन्त्र रूपिणम्।।८०।।
यो पठेत् भक्ति भावेन करोति त्वाम्भिषिच्चनम्।
शक्ति स्वरूपम् सम्पूर्ण पूरयास्मन्मनोरथम्।।८१।।

भावार्थः-ॐ ब्रह्माजी, विष्णु जी एवं रुद्रदेवादि सदाशिव ईश्वर इन त्रिदेवादी मन्त्र रूप से हे गोरक्षनाथजी आप हमारी रक्षा करो। जो कि भक्ति भाव मन्त्र से हम आपका जलाभिषेक सिंचन करते है। अतः इन शक्ति स्वरूप से हमारा सम्पूर्ण मनोरथ को पूर्ण करो।।८०-८१।।

ॐ प्रकृति पुरुषश्चैव मनश्चित्तैव तथा परे।
आत्माऽन्तरात्मा च परम-ज्ञानात्मना प्रकीर्तिताः।।८२।।
आत्मनश्च गुणश्चैव स्थूल-सूक्ष्माश्च येऽपरे।
एतान् रक्षं तु गोरक्ष आत्म शक्तिः च रूपिणम्।।८३।।
य भक्ति भावेन मन्त्रेण एते त्वामभिषिच्चनम्।
ज्ञानात्मरूपेण सम्पूर्ण पूरयास्मन्मनोरथम्।।८४।।

भावार्थः- प्रकृति एवं पुरुष तथा मनः चित्त के परे। जो आत्मा एवं गुण तथा स्थूल सूक्ष्म के भी परे जो

आत्माअन्तरात्मा एवं परम आत्मज्ञान प्रतिपादित हुए है। इन आत्मशक्ति रूप में हे गोरक्षनाथजी हमारी रक्षा करो, जो की भक्ति भाव मंत्र द्वारा आपका जलाभिषेक सिंचन करते है। अतः आप सम्पूर्ण आत्मज्ञान स्वरूप द्वारा हमारा मनोरथ पूर्ण करो।।८२-८३-८४।।

ॐ कारादिनाथः शक्तिः पार्वती उदयनाथस्तथा।
सत्य ब्रह्म शक्तिं सन्तोषः विष्णुस्तथा।।८५।।
गजबेल्या गजेकन्थडनाथस्य अचलाचम्भस्तथा।
चन्द्रस्य चतुःरंगी मत्स्येन्द्रस्यकौलमायापरे।।८६।।
ततश्च गोरक्षं शक्ति शाबर शक्ति स्ततः परम्।
एता नवनाथ शक्ति च उर्ध्व मुख्या सिद्धौ परा।।८७।।
ततश्च चतुस्सीति सिद्धौ च सर्वे शाबर शक्तयः।
उक्तान्येतानि शक्तिनी गोरक्षेण उत्पादिताः।।८८।।
एतान् रक्षं तु गोरक्षं शाबर शक्ति स्वरूपिणम्।
यो अभिषिच्चन्त ते सर्वे मन्त्र भक्ति भावना।
एता सर्वरूपेण सम्पूर्ण पूरयास्मन्मनोरथम।।८९।।

भावार्थः- ॐ कार आदिनाथजी की शक्ति एवं उदयनाथ पार्वती की शक्ति तथा सत्यनाथ ब्रह्माजी की शक्ति तथा अन्य सन्तोषनाथ विष्णुजी की परम शक्ति और गजबेली गज कन्थडनाथजी की शक्ति फिर अचल अचम्भेनाथ जी की शेष शक्ति ओर सिद्ध चौरंगीनाथजी की चन्द्र स्वरूप शक्ति तथा महामाया के परे

श्री मत्स्येन्द्रनाथजी की निजा कौल शक्ति तत्पश्चात गुरु गोरक्षनाथजी की परम, अपरम्पार शावर शक्ति और इन नवनाथ सिद्धों की उर्ध्वमुखी पराशक्ति तदनन्तर चौरासी सिद्धों की सर्वतः शावर शक्ति यह सर्व शावर शक्तियाँ गुरु गोरक्षनाथजी आपके द्वारा प्रतिपादित है। इन शावर मंत्र शक्ति रूप से हे गोरक्षनाथजी आप हमारी रक्षा करो जो कि हम भक्ति भाव मन्त्रों से आपका जलसिंचन अभिषेक करते है। अतः इन सभी स्वरूपों से हमारा सम्पूर्ण मनोरथ को पूर्ण करो।।८७-८६-८७-८८-८९।।

ॐ कालाकाल भैरवाः च रक्तबालः भैरवादयः।
जलभूमिचराः क्षेत्रपालाकाश भैरवारतथा।।९०।।
भैरवाष्ट मन्त्रेण क्षिपन्ति शक्तिकोपारी।
रक्ष रक्ष तु गोरक्ष भैरवः मंत्रस्वरूपकम्।।९१।।
सिन्चामि त्वा भक्तियुक्त चेतसः।
भैरव स्वरूपेण सिद्धयन्तु मनोरथम्।।९२।।

भावार्थः- काल भैरव, अकाल भैरव, लाल भैरव, वाल भैरव, जल भैरव, थल भैरव, आकाश भैरव तथा क्षेत्रफल भैरव यह अष्ट भैरव मन्त्र से शक्ति को (दुष्टों पर) छोड़ते है। अतः हे गोरक्षनाथजी आप इन भैरव मंत्र शक्ति रूप से हमारी रक्षा करो। जो कि हम भक्ति भावनाओं से मन्त्रों से सतत सदा सर्वदा जल सिंचन अभिषेक करते है। तव सम्पूर्ण भैरव रूप से हमारा मनोरथ को पूर्ण करो।।९०-९१-९२।।

बीजं हुँ बीजं वेदोक्त स्त्री बीजं मीन केतनम।
शक्ति बीजं रमा बीजं माया बीजं सुधाकरम्।।९३।।
चिन्तामणिं महाबीजं नारसिंह च शांकरम।
मार्तण्डं भैरवं दुर्ग बीजं श्री पुरुषोत्तमम।।९४।।
गाणपत्यं च वराहं च काली-बीज भयापहम्।
रक्ष तु गोरक्षं बीजं मंत्र शक्ति स्वरूपणम्।।९५।।
एतानि चाभिषिञ्चानि बीजमन्त्रैस्तथा।
गोरक्ष मन्त्र रूपेण पूरयास्मन्मनोरथम।।९६।।

भावार्थः- सम्पूर्ण वेदोक्त बीज, हूँ बीज स्त्री बीज तथा मीन, केतनम बीज शक्ति बीज रमा बीज, माया बीज तथा सूर्य (गायत्री) बीज चिन्तामनी बीज महाबीज नारसिंह बीज शिव शंकर बीज और मार्तण्ड बीज भारव बीज तथा नव दुर्गा दी बीज, श्री बीज, पुरुषोत्तम बीज और गणपति बीज वराह बीज काली बीज जो भयकारक है। जो कि सम्पूर्ण बीज भयकारक है। इन बीज मन्त्र शक्ति रूपसे हे गोरक्षनाथजी हमारी रक्षा करो। इस बीज मन्त्र भक्ति भाव से आपका जलसिंचन अभिषेक करते है। अतः इस बीज मन्त्र रूप से हमारा सम्पूर्ण मनोरथ को पूर्ण करो।।९३-९४-९५-९६।।

ॐ भीमो भैरवोरूपो शोणो घघरिव च ।
सिन्धुश्चैव ह्रदश्चैव तथा पाताल संभवा।।९७।।
एतानि रक्ष तु गोरक्षं मन्त्र शक्ति रूपिणा।
यो त्वामभिषिच्चति मन्त्र भक्ति भावना।।
अतः कुरु शक्ति रूपेन पूरयास्मन्मनोरथम्।।९८।।

भावार्थः- भैरव, भीम और शोणवांद घर्घर रूपवाले सर्व जल अर्थात सप्तसागर एवं सप्त पाताल तथा सभी हृदयस्थ यथा संभव हे गोरक्षनाथजी आप इन मन्त्र शक्ति रूप से हमारी रक्षा करो। जो कि भक्ति भाव मंत्रो से आपका जल सिंचन अभिषेक करते है। अतः आप इन शक्ति रूप से हमारा सम्पूर्ण मनोरथ को पूर्ण करो।।९७-९८।।

ॐ कार 'गों'कार 'र'कारश्च बिन्दुरूपेण गोरक्ष।
'शं' शान्ति, 'धूं' धर्मश्च सं संर्वागं गोरक्षमयं।।९९।।
'हुं' हुकारः वं विघ्ननाशाय भ्रां भ्रीं भू भैरवास्तथा।
'जूं' सं मृत्युंजयाय गं गं गोरक्षं गुरु च।।१००।।
यो रक्षं तु गोरक्ष ग्रों ग्रों मन्त्र शक्ति रूपेण च।
एता स्त्वामभिषिच्चामि भक्ति भावेन मंत्रेण च।
गोरक्ष कुरु कल्याण पूरयास्मन्मनोरथम्।।१०१।।

भावार्थः- ॐ कार, गों कार 'र' कार एवं विन्द रूपी गोरक्षनाथजी आप 'श' शान्तिमय 'धूं' धर्ममय हूँ हुकारमय वं विघ्ननाशक तथा भ्रां भ्रीं भु भैरवाः सह सं संर्वागनाथ रूप से सर्वत्रमय हो और जूं 'सं' मृत्युजय और गं गं गोरक्षनाथ जी आप सतगुरु स्वरूप हो। जो की ग्रों ग्रों गोरक्षनाथजी इन मन्त्र शक्ति रूप से हमारी रक्षा करें इस भक्ति भाव मन्त्रों से हम जलाभिषेक सिंचन करते है। अतः आप हमारे सम्पूर्ण मनोरथ को पूर्ण करो।।९९-१००-१०१।।

ॐ जम्बु द्वीपादयः सरितः सागरा लवणादयः।
अनन्ताद्यास्तथा नागाः सर्पा ते तक्षकादयः।।१०२।।
अनन्त कोटि ब्रह्माण्डः गोरक्ष स चराचरम्।
विष्णुः शिवः लोकादिश्च सर्वार्थ तु सर्व व्यापकम्।।१०३।।
अतः रक्ष तु गोरक्ष स्वयक्तान्भुवादयः।
एते त्वामभिषिच्चन्तु भक्ति भावेन मंत्रेण च।।
यस्य पूरयास्मन्मनोरथम् ब्रह्म स्थितः रूपेण।।१०४।।

भावार्थः- जम्बु द्वीपादि सर्व द्वीपो सर्व सागर सरोवरादी। अनन्तादि (अष्टकुली) नागों तथा तक्षकादि सर्पा अनन्त कोटि ब्रह्माण्ड में सचराचर में स्थित गोरक्ष विष्णुलोक शिवलोकादि सर्वत्र सर्वव्यापक यही सर्वव्यापक स्थितप्रज्ञ गोरक्षनाथजी आप हमारी रक्षा करो। जो की इन भक्ति भावना मन्त्रों से हम आपका जलाभिषेक सिंचन करते है। जिनके ब्रह्म स्वरूप, अत्यंत सर्व व्यापक स्वरूप आप हमारे सम्पूर्ण मनोरथ को पूर्ण करो।।१०२-१०३-१०४।।

ॐ निरंजनो शून्य बीजं च सुधबुध ते सूं बीजं।
कलेश्वरः षूं ष बीजंय लाल ग्वालाय लू लं स्तभने।।१०५।।
चौरंगी ह्रिं, हं बीज च आकर्षणाय स्वरूपम्।
विमलं वं वुं बीजं अध्यामन तु रूपेम।।१०६।।
सर्वांग सों सं बीजंच सद्यपत्यायं सत्यनाथेती।
क्रोध बीजं ग्रों गोपालं च गोरक्ष नाथश्च नाम।।१०७।।

क्षेत्र नाथ च क्ष्णी बीज वशित्वां क्ष्णो ते क्षोभनः।
भूचराः 'भुं' बीजंश्च दिव्य डांकिनी सिद्धौ च रूपम्।।१०८।।
द्वादशैता नि नामानि च जपत्वा बीज मंत्रेणयः।
न च विघ्नभयं तस्य सर्व सिद्धि करं परम।।१०९ ।।
रक्ष रक्ष तु गोरक्ष सर्वनामे बीज मंत्रेन।
एतानि चाभिषिश्चन्ति बीज मंत्र भक्ति भावेन।
अतः मन्त्र रूपेन च पूरयास्मन्मनोरथम्।।११०।।

भावार्थः-निरंजननाथजी का शून्य बीज और सुधबुध नाथजी का 'सूं' बीज तथा कलेश्वर नाथ जी का षूं षं बीज एवं लालग्वालायनाथजी के लूं लं बीज जो स्तभन स्वरूप है। चौरंगीनाथजी का ह्रिं ह बीज मन्त्र जो आकर्षण स्वरूप है। विमलनाथजी का 'वं' 'वुं' बीज मंत्र जो की अध्यामन कर्म स्वरूप है और संवागिनाथजी का सं सों बीज मन्त्र एवं सत्यनाथ नाम का सं बीजमंत्र जो सद्यपत्याय स्वरूप है तथा क्रोधबीज 'ग्रों' गोपालनाथजी के जो गुरु गोरक्षनाथजी का ही नाम है और क्षेत्रनाथजी नाम से 'क्ष्णो' बीज मंत्र जो वशीकरण स्वरूप है तथा 'क्ष्णो' बीज क्षोभन स्वरूपी है तथा भूचर नाथजी का 'भुं' बीज मन्त्र दिव्य डाकिनी सिद्धि प्रद है। इस प्रकार श्री गुरु गोरक्षनाथजी के यह बारह नामों के बीज मंत्र से जो जप ध्यान करेगा उसे किसी भी संकट का भय नहीं होगा और उसे नाथों की सिद्धियाँ प्राप्त होगी। अतः हे गोरक्षनाथजी आप अपने इन सर्व (बारह नाम) नाम बीज मंत्र से हमारी रक्षा करो। अतः इन बीज मंत्रों को

भाव भावेत से आपका जल सिंचन अभिषेक कर रहे है। अतः इन तीन मन्त्रो से हमारे सम्पूर्ण मनोरथ को पूर्ण करो।।१०७ १०८-१०९ ११० १११ ११०।।

ॐ गंगा गोदावरी रेवा यमुना च सरस्वती।
आत्रेयी भारती चैव सरयु गण्डकी तथा।।१११।।
कर तोया चन्द्र भागा च श्वेत गंगा कौशिकी।
भोग-वती च पाताले स्वर्गे मन्दाकिनी तथा।।११२।।
नदीनां स्वरूपेण गोरक्षास्मान्सर्वदा।
एता स्त्वामभिषिचन्ति भक्त्या मंत्रेण च।
नदीभिरेव मंत्रेण पूरयास्मन्मनोरथम्।।११३।।

भावार्थः- ॐ गंगा, गोदावरी, रेवा, यमुना और सरस्वती एवं आत्रेय, भारती सरयु गण्डकि तथा चन्द्र भागा श्वेत गंगा और कौशिकी, कर तोया और पाताल लोक की भोगवती तथा स्वर्ग लोक की मन्दाकिनी अतः इन सभी नदियो के रूप से हे गोरक्षनाथजी हमारी रक्षा करो इन (नदियो के नाम) मन्त्र भावित भाव से आपका यह जल सिंचन अभिषेक करते है। अतः उक्त सभी नादियो के नाम मन्त्र द्वारा हमारा सम्पूर्ण मनोरथ को पूर्ण करो।।१११-११२-११३।।

ॐ यानि कानि च तीर्थान्यस्मार्भिपरिक्रमाणि च।
तानि त्वामभिषिचन्ति भक्तयाभिमंत्रेण च।
परिक्रमा पूण्यरूपेण पूरयास्मन्मनोरथ।।११४।।

भावार्थः- जो-जो तीर्थ स्वरूप पुण्य स्वरूप है हम परिक्रमा करते है वही परिक्रमा भावित भाव से आपक

जलसिंचन अभिषेक करते है। अतः परिक्रमा पुण्य रूप से हमारा सम्पूर्ण मनोरथ को पूर्ण करो।।११४।।

ॐ सदा रक्षतु गोरक्ष मंत्रैरभिषिञ्चितः
यो भक्तया मन्त्रेणैव त्वाममिषिञ्चति।
त्वामेव स्वरूपेण पूरयोस्मन्मनोरथम्।।११५।।

भावार्थः- इस प्रकार हे गोरक्षनाथजी आप इस सम्पूर्ण अभिषिक्त मंत्रों से हमारी रक्षा करो। जो की भक्ति भाव मन्त्रों से आपका हम जल सिंचन अभिषेक करते है। अतः आप स्व स्वरूप (अर्थात स्वयंम) हमारे सम्पूर्ण मनोरथ को पूर्ण करो।।११५।।

सूचना-ऊपर लिखे मन्त्रो का उच्चारण करते समय जहां जहा, 'अभिषिञ्चन्तु' शब्द आये उसे कहते हुये विल्व पत्र द्वारा घटस्थ (कलशमेके) जल से श्री नाथ सिद्ध गोरक्ष यन्त्र (तंत्रम्) या गुरु गोरक्ष नाथजी के (मूर्ति) शिश पर या चरण पादुका पर या श्री नाथ सिद्ध गोरक्ष तंत्र पर अभिषेक करना चाहिये तथा विल्व पत्र कि उपलब्धी न होने पर दक्षिण मुख शंख द्वारा या शिंगी द्वारा भी अभिषेक कर्म कर सकते हो।

अतः अभिषेक कर्म के पूर्ण होने पर चंदन-अष्टगंध अक्षद तथा पुष्प हाथ में लेकर निम्न प्रार्थना वचनो (बोले) का उच्चारण करे।

''प्रार्थना''

गोरक्षनाथाय भद्राय शिवस्वरूपाय वेद से।
शिव गोरक्षनाथाय शिष्य मत्स्येन्द्रायच नमः।।११६।।

प्राणतः गोरक्ष रौद्र घोराः रूपिणम्।
विघ्नहरं सदा नौमि पूरयास्मन्मनोरथम्।।११७।।
नमस्ते कृद्धाग्नि रूपाय नाथ रूपाय ते नमः।
भक्त प्रियाय नाथाय गोरक्ष नमोऽस्तुते।।११८।।

भावार्थः- हे कल्याणमयी गुरु गोरक्षनाथजी आप शिव स्वरूप से जाने जाते हो, ऐसे मत्स्येन्द्रनाथजी के शिष्य शिव (स्वरूप) गोरक्षनाथजी को मैं नमस्कार करता हूँ। हे रौद्र (रुद्र) रूपी हे घोर रूपी गोरक्षनाथजी आपको मैं प्रणाम करता हूँ। जो की सदा सर्वदा संकटों को, विघ्न बाधाओं को हरण करके हमारी सम्पूर्ण मनोरथ को पूर्ण करो। हे क्रोध अग्नि स्वरूप को मैं नमन करता हूँ आप के नाथ रूप को नमस्कार करता हूँ। आप अपने भक्तों के प्रिय गुरु गोरक्षनाथ जी आपको हम नमस्कार करते है।।११६-११७-११८।।

नश्यन्ति प्रेत-कुष्माण्डा राक्षसा दानवाश्च ये।
पिशाचा गुह्यका भूता रक्ष कुरु तु गोरक्ष।।११९।।
अलक्ष्मी काल-कर्णी च क्षणं नश्यन्ति महान्ति च।
विल्पवा क्षण मात्रेन रक्षतु गोरक्षं।।१२०।।
रोगाः शोकाश्च द्रारिद्रयं दौर्बल्यं चित्तं विक्रिया।
नष्टाति सर्वपापानि त्वामहं शरणागतम्।।१२१।।

भावार्थः- हे गुरु गोरक्षनाथजी प्रेत-कुष्माण्डा राक्षसो दानव एवं पिशाच गुप्तभूत जो नष्ट करके हमारी रक्षा करे। हे जती गोरक्षनाथजी आप अलक्ष्मी (गरीबी)

कालकर्णी और बड़े-बड़े महापापों को क्षण मात्र में नष्ट करके हमारी रक्षा करो। हे शम्भुजती गुरु गोरक्षनाथजी आप हमारे रोग विमारियाँ शोक दुः ख दारिद्रता दुर्बल्य चित्तों के विकार नष्ट करके हमारी रक्षा करो। हे सर्व पूज्य गोरक्षनाथजी आपके हम शरण में है।।११९-१२०-१२१।।

लोकानुरागस्त्यागश्च दौर्भाग्यमपि दुर्यशः।
नश्यन्तु सर्वगतम् रक्ष कुरु तु गोरक्ष।।१२२।।
तेजोऽतेजो बलहीनश्च मन्दता तथैव च।
दौर्भगं सौभंग चैव रागोऽरागो जयाजयो रक्षतु च सर्वदा।।१२३।।

भावार्थः-हे सर्वत्र व्यापि गुरु गोरक्षनाथजी आप लोक अनुराग-त्याग-तथा दुर्भाग्य, दुर्यश जय-पराजय, को नष्ट करके हमारी रक्षा करो और तेज हीनता वल हीनता वुद्धि हीनता को नष्ट करके हे गोरक्षनाथजी आप हमारी चल अचल में रक्षा करो।।१२२-१२३।।

विषापमृत्युं-रोगं च डाकिन्यादि भयं तथा।
घोराभिचारा-क्रूचरा ग्रहा नागा स्तथा परे।।१२४।।
नश्यन्ति काली बीजेन रक्ष रक्षय तु गोरक्षम्।
विल्पवा विपदः सर्वाः सम्पदः सन्तु सुस्थिरः।
अभिषेकेण शक्तिन पर्णा सन्त मनोरथाः।।१२५।।
रक्ष रक्ष तु गोरक्ष ग्रों ग्रों हूँ हूँ रूपिणम।।
नमो आदेश नमो आदेश नमो आदेश नमः।।१२६।।

भावार्थः-विष-विषावत (जहरीले पदार्थ तथा प्राणीओं से)

आने वाली अपमृत्यु (घात अपघात अप्राकृतिक मृत्यु आदि से) रोग-(विभिन्न विमारियाँ) शाकिनी डाकिनीयाँ आदि के भय से तथा घोर-अघोर अभिचारक प्रयोग क्रोध युक्त अनिष्ट ग्रहों से नाग सर्पादंश के परे इत्यादि को काली बीज मंत्रों से नष्ट करके हे गुरु गोरक्षनाथजी हमारी वार-वार रक्षा करो। अनेक विपदाये (कष्ट संकटो) को सर्व नष्ट करके सर्वत्र सम्पदाओं से श्रेष्ठ पुरुषों सन्तो को अत्यन्त उत्तम प्रकारे स्थिर (स्थापत्य) करो और इन अभिषेक के शक्ति से सर्व सन्त उत्तम नर नारियों का मनोरथ को पूर्ण करो। हे ग्रों ग्रों हूँ हूँ गुरु गोरक्षनाथजी आप हमारी वार-वार रक्षा करो, आपको वार-वार त्रिवार आदेश नमस्कार करता हूँ।।१२४-१२५-१२६।।

सूचना-पर्णा सन्त मनोरथाः कहने के साथ ही हाथ में लिए हुए अष्टगन्ध अक्षदा पुष्प को गुरु गोरक्षनाथजी के (अर्थात् मूर्ति के चरण पादुका पर या श्री नाथ सिद्ध गोरक्ष यन्त्र (तन्त्रम्) के ऊपर) शीश के ऊपर या चरणों के ऊपर छोड़कर ''नमो आदेश..... नमो नमः कहकर सहृदय तीन वार नमस्कार करो (नाथ साधु सन्तों ने तीन वार नादि बजाकर आदेश करना चाहिए) और गुरु गोरक्षनाथजी से आशीर्वाद के लिये प्रार्थना करनी चाहिए।

।।उत्तरार्ध।।

श्री उदयनाथ उवाच

श्रुतं रहस्यं श्रीनाथ चाभिषेचनं कर्मणः।
साधनं वदं तत्वं च साधकानां सुखावहम्।।१२७।।

भावार्थः- श्री उदयनाथ पार्वती ने कहा हे आदिनाथजी मैंने अभिषेक कर्म का रहस्य सुन लिया अतः साधक के लिए सुखदायक पञ्चतत्व साधन (साधना) बताइए।।१२७।।

श्री आदिनाथ उवाच

श्रृणु तत्वं योग उदय साधनं तु सुखावहम्।
यद् किञ्चिद गदितं पूर्व विस्मृत तद वदाम्यहम्।।१२८।।

भावार्थः- श्री आदिनाथजी ने कहा हे उदयनाथ पार्वती-साधक के लिये सुखदायक पंचतत्व योग के साधना को सुनो जो कुछ मैंने पहले बताया था। वह विस्मृत हो गया उसी को फिर से बताता हूँ।।१२८।।

अभिषेक विधिं पश्चात् काया च साधकानांम्।
प्राणायाम ततः कृर्यानित्य सात्त्विकया धिया।।१२९।।

भावार्थः- अभिषेक विधि के पश्चात् साधकों को अपनी काया (वाचा मने) शुद्धि के लिये सात्विक बुद्धि से उत्तम प्राणायाम को नित्य करे।।१२९।।

सूर्याचन्द्रम सोरनेन विधिनाभ्यास सदा तन्वतां।
शुद्धा नाडिगणा भवति यमिना मासत्रायादूर्ध्वतः।
भूयः तत्व योगधति करोतु दिव्य समाधिचः।।१३०।।

भावार्थः- सूर्य (इड़ा) नाड़ी से पूरक (भरणा) कर कुम्भक (रोकना) करके चन्द्र (पिंगला) नाड़ी से रेचक (छोड़ना) करे और पुनः चन्द्र (पिंगला) नाड़ी से पूरक कर कुम्भक करके सूर्य (इडा) नाड़ी से रेचक करे इस (प्राणायाम) विधि से सदैव अभ्यास करते हुये साधक

के सभी नाड़ीओं की शुद्धता तीन मास तक हो जाती है फिर तेजस्वी पंच तत्व योग करके दिव्य योग समाधि को करे।।१३०।।

मद्यमांसेस्तथा मत्स्यैर्मुद्राभि मैथुनैरपि।
यः पंच मकारतत्वानि साधकानां साधयेत्।।१३१।।
कायेन मनसावाचा तस्मात् तत्व परो भवेत्।
ये न वै च महादिव्य सन्त मोक्ष च मुच्यन्ते।।१३२।।

भावार्थः-मद्य, मांस मीन (मत्स्य) मुद्रा और मैथुन जो पंचमकार तत्वों की योग साधना साधक ने करनी चाहिये, अतः मन वचन और शरीर से वह तत्व परायण होना चाहिए। वास्तव में जिनके द्वारा श्रेष्ट पुरूष को महादिव्य मोक्ष मुक्त हो जाते है।।१३१-१३२।।

मुद्राप्रथम तत्त्वस्या संगतेर्सदा त्यजेत्।
ब्रह्मचारी मिताहारी त्यागी योग परायणः।
मनो चित्त वृतीन्द्रयः वसेत साधका सदा।।१३३।।

भावार्थः-प्रथम तत्व मुद्रा अर्थात कुसंगति का त्याग करके ब्रह्मचारी, मितहारी (अन्न पदार्थो से सय्यामित भोजन) त्यागी तथा योग साधना में पारंगत होना चाहिए अर्थात् मन (गों) इन्द्रिय तथा मती अर्थात चित्त के वृत्तियोंको सम्पूर्णतः सय्यम अर्थात विवेक करके सय्यम करना चाहिए। (यहि मुद्रा का भावार्थ है)।।१३३।।

द्वितीयं तत्व गौमांस भक्षयेन्नित्यं साधकाः।
गोशब्द जिव्हाचतत्प्रवेशो हि तालुके।

गोमांस भक्षणं तत्तु महापातक नाशनम्।।१३४।।

भावार्थः-दूसरे प्रकार के तत्व मांस अर्थात गौ मास भक्षण है। जो साधक प्रतिदिन मांस भक्षण करता है। अव गोमांस शब्द के भावार्थ को कहते हैं। कि गों पद से (शब्दको) जिव्हा कहा जाता है। साधक तालुके समीप जा ऊर्ध्व छिद्र उसमें जो जिव्हा का प्रवेश उसको गो मास भक्षण कहते है। जो महा पातकों का नाश करने वाला है।।१३४।।

तृतीयं तत्व मद्य-पानं कुर्वन्ति नित्य साधकाः।
ऊर्ध्व जिव्हा स्थिरो भूत्वा सोमपान करोति यः।।१३५।।
चुबनं यदि लंबिकाग्रमनिशं जिव्हारसस्पदिनी।
सक्षाराकटुकाम्ल दुग्ध सदृशी मध्वाज्यतुल्यस्तथा।।१३६।।
मासार्धेन न संदेहो मृत्यु जयति योगवित।
खेचरी मुद्रा उदय मांस नामेन निरूपितम्।।१३७।।

भावार्थः-तीसरे प्रकार के तत्व मद्यपान है जो साधक नित्य करता है। तालुका के उपर के छिद्र के उन्मुख है, जिव्हा जिसकी ऐसा जो साधक वह सोमपान (अमृतपान) करता है। अर्थात् ऊर्ध्व छिद्र में से गिरते हुये चंद्रामृतको पीता है। यदि जिव्हा तालुके ऊपर छिद्र का बारंबार चुंबन (स्पर्श) करे, जो रस (सोमकलामृत) को स्पंदन (झरना) करने वाली और लवण के रस के समान और मरीच आदि कटु और इमली आदि आम्ल और दुध इनके सदृश और मधु (शहद) और घृत इनकी तुल्य जो

इसमे मधुरता, स्निग्धता का पान करता है। तो वह पक्षभर में मृत्यु पर विजय पा लेता है। इसें तनिक सन्देह नहीं है। हे उदयनाथ पार्वती मांस तत्व नाम से खेचरी मुद्रा का निरूपन किया है।।१३५-१३६-१३७।।

चतुर्थ तत्व च मीन (मत्स्य) यो प्राणाधार च।
मनोवेग सम भूत्वा सरोवर झषस्तथा।।१३८।।
गंगाजमुनार्योमध्य मीन रूपेण प्राणः च।
बेलास गृहीयात्तद् शुषम्णीन प्राणः।।१३९।।

भावार्थः-चतुर्थ तत्व का नाम मीन (मत्स्य) है, जो प्राण स्वरूप (या मन स्वरूप अर्थात प्राण मन का आधार है।) कहा जाता है। जो मन के वेग समान तथा मन सरोवर में मीन रूप प्राण (मन) नित्य चलाय मान रहता है (विहार करता है।) गंगा-जमुना है आधार जिनके या गंगा-यमुना नदियाँ रूप जो इड़ा पिंगला (प्राण-अपान) नाड़ियाँ है। उनके मध्य में अर्थात् शुषम्ना नाड़ी के मार्ग में प्राण (मन) रूपी मीन (मत्स्य) उसको हटपूर्वक या बलात्कारे ग्रहण करे।।१३८-१३९।।

(अर्थात् (प्राण-अपान) के इड़ा पिंगला नाड़ियों द्वारा प्राणायाम करते हुये कुम्भक संयम से इस प्राण अर्थात मन अर्थात मीन अर्थात मत्स्य को शुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश बलपूर्वक करना चाहिए।)

शुषुम्ना वाहिनी प्राणे (मीन) शून्ये विशति मानसे।
तदा सर्वाणि कर्माणि निर्मूलयात् साधकान्।।१४०।।

भावार्थः- अर्थात प्राण (मीन) जब शुषुम्ना नाड़ी के

(मार्ग में) बहने लगता है और मन-चित्त इन्द्रियां वस्तु के परिच्छेद से (शून्य) ब्रह्म में प्रविष्ट हो जाता है। उस समय मन चित्त वृत्तिओं का निरोध होकर साधक प्रारब्ध सहित सम्पूर्ण कर्मो को निर्मल नष्ट कर देता है। (अर्थात मुक्त (निर्मल) हो जाता है।।१४०।।

पंचम तत्व मैथुनं शिवशक्ति च योगमुच्यते।
कुण्डलिणी तु परंशक्ति शिव ब्रह्म च उदय।।१४१।।
प्राण (मीन) शक्तिसह शुषुम्ना शिवस्य योग मार्गम्।
षट्चक्राणि मैथुनं पथमुच्यत इति केचित।।१४२ ।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती पांचवे तत्व मैथुन जो शिव शक्ति का योग अर्थात मिलन को कहा जाता है। कुण्डलिणी परशक्ति है तो शिव परंब्रह्म कहा जाता है। जब प्राणसह कुण्डलिनी का शुषुम्ना पर शिव मिलन का मार्ग है। षटचक्रों के क्रम से (मूलाधार से जीवन प्राण) शक्ति को उठाकर (शुषुम्ना मार्ग द्वारा) सहस्त्रागारस्थ परम शिव के साथ मिला देना ही मैथुन (पथ) लक्ष है।।१४१-१४२।।

श्रृणु उदय अन्यय मैथुन तत्त्वं प्रियम्।
योनी मुद्रा समासाद्य स्वयं शक्तिमयो भवेत्।।
सुश्रृंगाररसनैव विहरेत् परमात्मनि।।१४३।।
आनन्दमयः सम्भूयैक्य् ब्रह्माणि संभवेत्।
अद्वैत ब्रह्माऽरिम समाधिस्तेन जायेत।।१४४।।

भावार्थः-हे उदयनाथ पार्वती मैथुन तत्व प्रित्यर्थ अन्य

साधन को सुनो, योनी मुद्रा का साधन करके योगी स्वयंम में शक्ति की भावना और परमात्मा (शिव) में पुरुष की भावना करे। फिर यह भावना करे कि मुझमें और परमात्मा में शक्ति और पुरुष रूप में विहार हो रहा है। फिर आनन्द मय ऐक्य को स्थापित करता हुआ यह चिन्तन (विचार) या मनन (भाव) करे, कि मैं अद्वैत ब्रह्म हूँ, इसमें जो समाधि होती है। उसे लय योग समाधि कहते है। (अर्थात मैथुन तत्व भाव से भी महालय समाधि होती है।)।।१४३-१४४।।

मैथुनसंधान समाधिभाजम।
योगीश्वराणां हृदिवर्धमानम्।।१४५।।
आनन्दमेकं वचसामगम्यम।
जानन्ति तं गुरोः गोरक्षनाथमेकम्।।१४६।।

भावार्थः-मैथुन (एकत्व, समरसत्व) से जो समाधि होती है। उसके कर्ता योगेश्वर के हृदय में बदला हुआ एक आनन्द होता है। जो की वाणी से अगम्य है। उसे एक मात्र गुरु गोरक्षनाथ जी ही जानते है।।१४५-१४६।।

सोम मद्य मति मुद्रा प्राण मीन च गौपलम्।
शिव शिवानी मैथुनस्य ते नासौ योगी उच्चते।।१४७।।

भावार्थः-साधना करते समय सोमपाग (अमृतपान) करना मद्य है। मती, अर्थात चित्त अर्थात बुद्धि (विवेक द्वारा) संय्यम करना मुद्रा है तथा (प्राणायाम करते समय) प्राण को मीन कहा गया है तथा गौ अर्थात इस इन्द्रिय (विशेषतः मन को) (पल) मांस कहा गया है। शिव और शिवानी (कुडलिनी) शक्ति इनके ब्रह्म

मिलन को मैथुन कहा है। अथवा शिव-शक्ति की अखण्ड स्वरूपता में आत्माभिव्यक्ति ही मैथुन है। अतः मद्य, मुद्रा, मीन, मांस तथा मैथुन यह सब महाशक्ति में समर्पित (परिवर्तन) करने वाला श्रेष्ठ योगी है। पंञ्चमकार या पंच तत्व के सेवन के इस सात्विक रूप में जीवात्मा को परम श्रेष्ठ योगी कहा जाता है।।१४७।।

{ **विशेष सूचना** :- यहाँ नाथ सम्पदाय की मर्यादा अर्थात् गुरु गोरक्षनाथ जी के आदेश अनुसार सभी साधकों ने मद्य-मांस-मत्स्य-मुद्रा-मैथुन इन पञ्चमकारो का अनुक्रम से मदिरापान-मास मछली भक्षण तथा कुसगती, नारी संग संभोग यह अर्थ नहीं लेना चाहिये। अतः यह सभी प्रकार से वर्जित है।}

यदा उदय, साधनेषु पञ्च तत्व नहि कुर्वन्ति।
सः यथा बीज मंत्रेण जपत्वा अष्टोत्तर सहस्रकम्।
धर्म अर्थ काम मोक्षश्च प्राप्यर्थे न संशयः।।१४८।।
यथा विधि जपे नित्यं पंच सहस्रकम् च।
विल्पवा सर्वे विघ्न, चं ऋद्धि सिद्धि प्राप्यते।।१४९।।

भावार्थः-हे उदयनाथ पार्वती अगर साधक यह पंचतत्व (उपरोक्त पंचमकारात्मक योग) साधना को नहीं कर सकता है तो वह बीज मन्त्र का एक हजार आठ बार नित्य जप करने पर वह धर्म अर्थ काम मोक्ष को प्राप्त कर लेता है। इसमें कोई संशय नहीं है। उसी प्रकार यह बीज मंत्र पांच हजार बार जपने से साधक के सभी संकट नष्ट होकर वह ऋद्धि सिद्धि प्राप्त होती है।।१४९।।

तदा दशांश हुनेदाज्यैः शर्करा मधु पायसैः।
तर्पयेत् तदा-दशांशश्च जलैश्चन्दन-मिश्रितैः।।१५०।।
अष्टगन्धाद्यः साधकाधीशस्तद-दशैरभिषिनचयेत।
अभिषेकं दशांशेन भोजयेच्च साधूत्तमम्।।१५१।।
मिष्ठान्न साधकान नाथ, नाथ भक्ता सुखैः।
एवं पुरच्चरण कृत्वा सिद्धो भवति साधकः।।१५२।।

भावार्थः-उसका (मत्र जाप सख्यानुसार) दशांश हवन घृत शर्करा मधु युक्त खीर द्वारा करना चाहिए। उसका दशांश तर्पण चन्दन-युक्त जल से करना चाहिए उसका दशांश अष्टगंधाक्षदादी अभिषेक करना चाहिए। उसका दशांश श्रेष्ठ साधु संत को मिष्ठान्नों द्वारा और नाथ भक्तों को सुखपूर्वक भोजन कराना चाहिए। इस प्रकार पुरश्चरण की क्रिया करके साधक सिद्ध हो जाता है।।१५०-१५१-१५२।।

।। उपसंहार ।।

ततो श्रीनाथं गुरुं चैव प्रणमेद बहुदा मुदा।
दक्षिणां गुरवे दद्यात् स्वर्ण-काञ्चन मानतः।।१५३।।
नाना वस्त्रगन्धपुष्पाणि रुद्रनादुपनयस्तथा।।
तोषयेत् स्तुतिं वाक्यैश्च प्रणमेत पुनरेव हि।।१५४।।

भावार्थः-अन्त में शिष्यों ने आनन्दपूर्वक श्री गुरु गोरक्षनाथजी को एवं सतगुरुदेव को श्री चरणों में बारंबार प्रणाम करना चाहिए और सुवर्ण मूल्य के अनुसार यथाशक्ति दक्षिणा सतगुरु को देनी चाहिए। विविध प्रकार के वस्त्रों गन्ध पुष्प रुद्राक्ष माला नाद जनेऊ आदि

से तथा स्तुति प्रार्थना वचनो द्वारा उन्हे प्रसन्न करना चाहिए और पुनः प्रणाम करना चाहिए।।१५३-१५४।।

काया मनसा वाचा गुरुः कुर्यात् तथाऽऽशिषः।
वचनै विविधैः शिष्य ग्रहयेत् तत्वमुत्तमम्।।१५५।।

भावार्थ-सत गुरुदेव मनसा वाचा और शरीर से शिष्यो को आशीर्वाद दे विविध उपदेशो से शिष्यों को उत्तम तत्व समझाए।।१५५।।

तथा नवमदिने व्याप्य कुरु कर्म भैरवान् बुधः।
दशमे दिवसे शिष्यं पुनः कुर्यात तु पूजनम्।।१५६।।
ताम्र पात्रोदकैः नाथ विधा राजा जपन सुधी।
कुन्दुका च तथा सप्त सम्पत्ति हेतवे उदय।।१५७।।
एक चत्वारिंशत् एक विशत्यकचत्वादिशत दिवे
गुरुणा सह पूजन कुर्यात।
कुर्वन्ति कर्मसानन्दे गुरु शिष्यसपरिवारः।।१५८।।
साधकेभ्यो भक्तेभ्योऽऽपि ततो वस्त्रादि भूषणम्।
दद्यात् प्रयत्नतः साधु विधि उदय समापनम्।।१५९।।

भावार्थः-इस प्रकार बुद्धिमान साधक नौ दिनों तक यह कर्मकाण्ड कराए। दसवे दिन शिष्यों ने पुनः पूजनादि कर्म करते समय. हे उदयनाथ पार्वती (धन धान्य) सम्पत्ति लाभ के लिये वहाँ सात कुम्भ स्थापन कर ताम्र पात्रस्थ जल द्वारा श्रेष्ठ (मूल-बीज मंत्र) मन्त्र का जाप करे। उसी प्रकार यह कर्म सआनन्द गुरु शिष्य परिवार इक्कीस या इक्तालीस दिन तक करना

चाहिए। अन्त में साधकों को एवं भक्तों को भी प्रयत्नपूर्वक वस्त्र भूषण (प्रसाद आदि) प्रदान करे। हे उदयनाथ इस प्रकार यह अभिषेकादी कर्म सम्पन्न होता है।।१५६-१५७-१५८-१५९।।

।। श्री गुरोर्लक्षणम् ।।

श्रृनु प्रिय उदय कर्म श्री गुरोर्लक्षणम्।।१६०।।
आत्मज्ञानी महायोगी शुद्धो गुरु परायणः।
निग्रहानुग्रहे गुरु शिष्य पालन तत्परः।।१६१।।
त्याग-विरागी च सज्जनस्तु पपूजितः।
श्रद्धावानं च नित्यं सोऽधिकर्ता न चान्यथा।।१६२।।

भावार्थः-हे प्रिय उदयनाथ पार्वती सुनो इस अभिषेक आदि कर्मों के लिए श्री सत गुरुजी के लक्षणं (यह सतगुरुजी) आत्मज्ञानी महायोगी तथा विशुद्धाचारी एवं गुरु भक्त श्रेष्ठ सतगुरु जो अनुशासन करने में और कृपा करने में समर्थ है तथा जो शिष्यों का पालन करता है। त्यागी वैराग्यवान सज्जन सम्मानित होता हुआ सदा श्रद्धावान रहता है। वही इस अभिषेक आदि कर्म करने में अधिकारी है। अन्य कोई नहीं।।१६०-१६१-१६२।।

विहीनंदृष्टि पुन्गु च तथा रुग्णं अल्प ज्ञान युत पुनः।
सामान्य स्वंमुखे वरदे वर्जयेन्मति मान सदा।।१६३।।
नि गुरां विशेषेण वर्जयेत क्रोधादि कामुकाः।
इदम् मुखादिक्षा वन्ध्या नारी यथा योगिने।।१६४।।

भावार्थः-हे उदयनाथ पार्वती योगी (साधक या गुरुजी)

ने अन्धे लूले रोगी और अज्ञानी सामान्य मनमुखी साधक इनको बुद्धिमान ने सदा छोड़ दे। मोह माया कामी क्रोधादि विशेषता निगुरा का सहयोग न ले क्योंकि हे योगिनी नि गुरुरा के (या मनमुखी के) मुख से ली गई दिक्षा उसी प्रकार निष्फल होती है जिस प्रकार वांझ स्त्री।।१६३ १६४।।

अज्ञानाद यदि वाः मोहाद् निगुरुऽऽत पामरः।
दीक्षान्त भवेद् उदय। विघ्नस्तस्य पदे पदे।।१६५।।
किं तस्य जप पूजाभिः कि ध्यानैः कि च भक्तितः।
सर्व हि विफलं तस्य नरकं यान्ति चान्तिमे।।१६६।।
कल्प कोटि - शतैर्देवि। तिष्ठति स नरकं सदा।
ततो हि बहु जन्मेभ्यो श्री नाथ मन्त्रमवाप्नुयात्।।१६७।।

भावार्थः-हे उदयनाथ पार्वती अज्ञानवश या मोह में पड़कर जो निगुरा (अर्थात् मनमुखी, जिनको गुरु परम्परा नहीं हो) साधक से दीक्षित होता है। उसके मार्ग में पग-पग पर बाधाएं आती है। उसके जप पूजन-ध्यान और भक्ति सभी निष्फल होते है। अन्त में वह नरक में जाता है। हे देवी करोड़ों सैकड़ों कल्पों तक वह सदा नरक भोग करता है। तब अनेक जन्म के बाद श्री नाथजी का मन्त्र (दिक्षा) प्राप्त करता है।।१६५-१६६।।

ततो हि विहितं आत्म ज्ञानी गुरुमालभेत्।
अभिषेकादि कर्माणि पुनः कुर्यात प्रयत्नतः।।१६८।।
सफल हि सदा कर्म सर्व तस्य भवेंद ध्रुवम्
आत्मज्ञानं मोक्ष तुल्य पालितं साधनो नाथ।।१६९।।

[illegible] सतगुरुः शिवाः साक्षात मोक्ष पथ हि दीक्षितः।
स एव सर्व दीक्षित या अभिषेकादि परायणः।।१७०।।

भावार्थः [illegible] आत्मज्ञानी (आत्मदर्शी) [illegible] करना चाहिए। फिर [illegible] करके [illegible] चाहिए। तब उस (दीक्षार्थी) [illegible] नाथजी (उदयनाथजी) आत्मज्ञानी (अर्थात ध्यान ज्ञान साधना इत्यादि करने वाला) मोक्ष मुक्ति के समान है। तो उन ध्यान योग, कर्मकाण्ड आदि साधना का पालन पोषण निरंतर करना चाहिए। वही सतगुरु (आत्मज्ञानी) साक्षात शिव स्वरूप होते हैं। दिक्षा प्राप्ति ही मोक्षपथ होता है। तब वही सब दीक्षित अभिषेकादि कर्म के [illegible] (लायक) कहे जाते हैं।।१६८-१६९-१७०।।

तस्यैव सफल जन्म दीक्षित श्रृणु योगिने।
तस्यैव सफल कर्म तस्यैव सफल धनम्।।१७१।।
तस्यैव सफल धर्मः काम सफलो मनुः।
दीक्षा हि सफला नाथ। क्रिया च सफला तनु।।१७२।।

भावार्थः [illegible] सफल होता है। [illegible] सफल होता है। [illegible] सफल होती है [illegible] होता है। उसी की दिक्षा सफल होती है और तब उसकी क्रियायें भी (सफल) फलवति होती हैं।।१७१-१७२।।

इदं तु सेंचनादिं नाथ त्रिषु लोकेषु दुर्लभम्।
गणेशः पात्रमत्रैव, कीर्तिकेयोऽपि उदय।।१७३।।

त्रिदेव तुल्यो नवनाथ तुल्योऽत्र भाजनम्।
कोटी वक्त्रै शक्तो न वर्णितुं योगेश्वरि।।१७४।।

भावार्थः-हे नाथ उदय यह अभिषेक आदि विधि तीनो लोक में दुर्लभ है। हे उदयनाथ गणेश और कार्तिकेय जैसे देवता की पात्रता इसमें है। त्रिदेव नवनाथादि को इसमें योग्यता है। हे योगेश्वरी कोटी मुखो से भी इसकी महिमा का वर्णन करना सम्भव नहीं है।।१७३-१७४।।

इति ते कथितं गुह्यं सेचनं परमं महत्।
गुह्यातिगुह्यं गुह्यं प्रयत्नतः।।१७५।।
यथा रति गोपनीया तथाभिषेचनं परम्।
यथा योनिर्गोपनीया तथाऽभिषेचनं परम्।।१७६।।
यथा भूगर्भेधनं गुह्यं गोपयेत तु यथा परम्।
तथैव तु महायोगिनेः गोपनीय ममाज्ञया।।१७७।।

भावार्थः-इस प्रकार मैंने अत्यन्त महत्वपूर्ण गुप्त अभिषेक का वर्णन तुमसे किया है। इसे प्रयत्न-पूर्वक गुप्त रखना चाहिए। जिस प्रकार रति क्रीड़ा और योनि गोपनीय है उसी प्रकार श्रेष्ठ अभिषेक को गुप्त रखना चाहिए। जैसे भू-गर्भ मे धन रखकर उसे अति गुप्त रखा जाता है। उसी पकार हे महायोगिनी। इसे मेरी आज्ञा से गुप्त रखना चाहिए।।१७५-१७६-१७७।।

।। इति श्री गोरक्षतन्त्रे उदयनाथ (पार्वती)।।
आदिनाथ संवादे पञ्चमः अध्यायः सम्पूर्ण

अथ षष्ठोऽध्यायः

।। अथ गोरक्ष मूल मन्त्रविधिनम् ।।

(गोरक्षनाथजी के मूल मन्त्र के विधि विधान)

"श्री उदयनाथ उवाच"

श्रुतं शाबर मंत्र साधकेभ्यः वाद्य मंत्र सहायभूतले।
पाठ मात्रेण सिद्धि स्यात् , पावने उपदिशतु सिद्धेश्वरे।।१।।

भावार्थः-श्री उदयनाथ पार्वती ने कहा हे नाथजी ह सिद्धेश्वर अब भूतल में शावर मन्त्र साधक के बिना पाठमात्र से ही सिद्धि करे उस पावन शावरी विद्या का उपदेश कीजिये।।१।।

"आदिनाथ उवाच"

अशेषः विद्यानां उदय, सर्वेषां वाच्छितं फलम्।
षड्कर्मादिसाधकानां वक्ष्ये सिद्धिप्रद कलौ।।२।।

भावार्थः-आदिनाथजी ने कहा हे उदयनाथ पार्वती सभी प्रकार की विद्या सभी साधकों को वाच्छित फल देने वाले सिद्धिदायक षड़कर्म आदि के मूल मंत्र कहता हूँ।।२।।

श्रृणु उदय प्रवक्ष्यामि मूल मन्त्रं यथा विधिम्।
यस्य स्मरणमात्रेन स्व रक्षा भवेत् क्षणात्।।३।।
मूलमन्त्रस्यैषा नाथ गोरक्ष प्रभावतः।
विल्पवा दुष्टानां सर्वेषां विरोधिना स्तम्भयेत।।४।।
चक्र मुद्रां न्यासंक चैव मूल मन्त्रं कारयेत्।
षड़ दीर्घ भाजा ध्यायेतु गोरक्षाभिष्ठ दायकम्।।५।।

भावार्थः-हे उदयनाथ पार्वती मैं गुरु गोरक्षनाथजी के मूल मन्त्र बतलाता हूँ। जिसके स्मरण मात्र से क्षणभर में स्वयं की रक्षा होती है। हे नाथ योगेश्वरी इस गोरक्षनाथ जी के मूल मन्त्र प्रभाव से सभी प्रकार के दुष्टों का नाश होता है एवं विरोधियों का स्तम्भन होता है। अतः चक्रन्यास मुद्रान्यासादि और मूलमन्त्र का करे और तब अभीष्ठदायक गुरु गोरक्षनाथजी का ध्यान करे।।३-४-५।।

विनियोगः (संकल्प)

(दाहिने हाथ में जल, गंध, अक्षदा, लाल फूल लेकर निम्न मन्त्र को पढ़े।)

ॐ अस्य श्री गुरु गोरक्षनाथ मूल मन्त्रस्य सहृदयच्छन्दों श्री गोरक्षनाथाय मम् सन्निहितानां विरोधिनां दुष्टानां स्तम्भनायै विद्वेषणार्थे वशीकरणाथे ॐ ग्रों गोरक्षनाथ वरप्रसादाय सिद्धयर्थे जपे (पाठ) विनियोगः

(जलाक्षतेः भूमौ निक्षिपेत्)

(जलाक्षदादि भूमि पर छोड़ दें।)

''चक्र न्यासः''

(प्रत्येक चक्र-न्यास पर प्राणायाम करते हुये कुम्भक रोककर निम्न मन्त्र वोलकर स्पर्श करे।)

ॐ लं, ग्रों मूलाधाराय नमः गुह्ये।

(रिढ के अधोभाग (गुहयांग को स्पर्श करे।)

ॐ वं ग्रों स्वाधिष्ठाणाय नमः मेरुदण्डो।

(मेरुदण्ड को स्पर्श करे)

ॐ रं ग्रों मनिपुराय नमः नाभौ।

(नाभि को स्पर्श करे।)

ॐ यं ग्रों अनहदाय नमः हृदि।

(हृदय को स्पर्श करे।)

ॐ हं ग्रों विशुद्धाय नमः कण्ठे।

(कण्ठ को स्पर्श करे।)

ॐ ग्रों आज्ञाचक्राय नमः भूमध्ये।

(भूमध्य में स्पर्श करे।)

ॐ ग्रों ब्रह्मरन्धाय नमः शिखायै।

(शिखा में स्पर्श करे)

''मुद्रान्यास''

(निम्न पन्चतत्वात्मक मन्त्रउच्चारण करके मुद्रायें (कृति) करके शुद्धि करे।)

ॐ रं ग्रों अंगुण्ठाभ्यां नमः। अग्नि मुद्रा :- हाथ के अंगूठे को स्पर्श करे।)

ॐ यं ग्रों तर्जनीभ्यां स्वाहा। पवन मुद्राः- तर्जनी अगुली को अंगूठे के मूल में लगाकर अंगूठे को दबाए रखे।

ॐ हं ग्रों मध्यमाभ्यां नमः वषट। शून्य (आकाश) मुद्राः- मध्यमा अंगूली, अंगूठे के मूल में लगाकर थोड़ा दवाव डाले इसे आकाश मुद्र कहते है।

ॐ लं ग्रों अनामिकाभ्याम् नमः हुम्, पृथ्वी

मुद्रा:- अनामिका और अंगुष्ठ के अग्रभागों को मिलाकर बाकि अंगुलियाँ सीधे रखें।

ॐ वं ग्रों कनिष्ठिकाभ्यां नमः वौषट। (वरुण)

जल मुद्रा :- कनिष्ठा अंगुलों को अंगुठे से लगाकर रखे इसे वरुण मुद्रा भी कहते है।

ॐ हँ, यँ, रँ, वँ, लँ ग्रो पंचतत्व करतल कर पृष्ठाभ्याँ नमः फट्। दोनो हथेलियों आगे पीछे के भागों को स्पर्श कर नमस्कार करे।।८।।

ॐ ग्रों गोरक्ष शस्त्रसह अस्त्राय ॐ हूँ फट्

शिर के ऊपर से चुटकी सभी दिशा को बन्ध करे। त्रिताल ताली बजाये।।९।।

।। मन्त्रोद्धार।।

ॐ शिव गोरक्ष योगिन्द्रो नमः

या

ॐ नमः शिव गोरक्ष योगी

इस मन्त्र का या अपने सतगुरु के मन्त्र (गुरुमन्त्र) का १०८ बार जाप करे। स्वच्छ स्थान में प्राणायाम करे। प्राणायाम कम से कम १० बार करे।

अतः अन्तरमुख तथा प्रसन्न होकर गुरु गोरक्ष नाथ जी का ध्यान करो।

''अथ ध्यानम्''

व्याघ्रचर्मासन संस्थिता कर्पूरवर्ण त्रिनेत्रं च।
जटा जूट मुकुटं च शीर्षे शशीं विराजितम्।।१०।।

हस्ते पाश वज्रं दण्डपाणी च अस्त्रशस्त्र भूषणै।
रक्षतु गोरक्षं त्रिजगतां तं नमाभ्यहम्।।१२।।

भावार्थ :- हे तीनों जगत के रक्षा करने वाले गुरु गोरक्षनाथजी व्याघ्रा चर्म के आसन पर बैठे हुए कर्पूर वर्ण कान्ति के जिनके तीन नेत्र है। जटाजुट मुकुट और शिश पर चन्द्र विराजमान है। हाथों में पाश, वज्र तथा दण्ड के अरत्र शस्त्र के भूपणनादि आपको मैं नमस्कार करता हूँ।।१२।।

''मूल मन्त्र''

ॐ ग्रों ग्रों ग्रों हूँ हूँ ह्रीं ह्रीं गोरक्ष निरान्जनात्मने ह्रीं ह्रीं हूँ हूँ ग्रों ग्रों ग्रों मम शत्रून् स्तम्भय, स्तम्भय, कीलय-कीलय, विनाशय विनाशय हूँ फट् स्वाहा।।१३।।

पंचतत्व-पूजनम्

विधिः- अतः श्री गुरु गोरक्षनाथजी का यन्त्र (तन्त्रम्) अथवा उनकी मूर्ति या प्रतिमा या उनके नाम से स्थापित कलश का पंचतत्वात्मक पूजन निम्न मंत्र पढ़कर कर।

ॐ ग्रों गोरक्षनाथाय नमः वं वं अमृततत्त्वात्मकं (जलतत्व) दिव्य स्नानं च तिलकाक्षतान समर्पयामि।।१४।।

विधिः- (जल छिड़ककर चंदन या अष्ठगंध या केशर का तिलक करे एवं अक्षदा (चावल) चढ़ाये।)

ॐ ग्रों गोरक्षनाथाय नमः यं यं यं वायवात्मकं वस्त्रं पुष्पं च बिल्वपत्रकम् समर्पयामि।।१५।।

विधिः- (भगवे, लाल वस्त्र, सुगन्धित पुष्प या पुष्पमाला तथा बिल्व पत्र या बिल्वफल अर्पण करे।)

ॐ ग्रों गोरक्षनाथाय नमः हँ हँ हँ आकाशात्मकं नादउपनयण, कुण्डलं च रुद्रं समर्पयामि।।१६।।

विधिः- (नाद जनेऊ (नादिपवित्री, ऊन का जनेऊ) कुण्डल जोड़ी (मृतिका या धातु के) और रुद्राक्ष या रुद्राक्ष माला अर्पण करे)

ॐ ग्रो गोरक्षनाथाय नमः रं रं रं तेजतत्वात्मकं धूप दीप कर्पूरं समर्पयामि।।१७।।

विधिः- (धूप अगरवत्ती, गौघृत दीप और कर्पूर प्रज्वलित करके आचवाये तथा अर्पण करे)

ॐ ग्रों गोरक्षनाथाय नमः लं लं लं पृथ्वी पृथिवव्यात्मकं रोटं, कृशरान्न च दुग्धं समर्पयामि।।१८।।

विधिः- (रोट (कच्चा या पक्का), खिचड़ी तथा गौ का कच्चा दूध नैव्यद्य (भोग) लगाये।)

पूजाविधि प्रवक्ष्यामि गोरक्ष सिद्धिदम्।
एक पञ्चाशतं वारं अष्टोत्तरयतं रुद्रेण जपेत्।।१९।।
ग्रहणेच्दीपावल्यांव होलिकोत्तमे समये।
कृष्ण चतुथ्यामष्टम्यां च यथाविधि शुभ दिने।।२०।।

भावार्थः- इस प्रकार मैं गोरक्षनाथ मूल मंत्र सिद्धि का विधि बतलाता हूँ। इक्यावन बार रुद्राक्ष माला (१०८ दाने) से मूल मन्त्र का जाप करे। ग्रहण काल में या

दिवाली या होली या कृष्ण पक्ष के चतुर्थी या अष्टमी के शुभ दिन को करे।।१९-२०।।

नित्यं जपेत् मंत्रं रात्रौ द्वादशतः वादन त्रयम्।
एक चत्त्वारिशंत् दिनं यावत् जपेत् विधि विधानतः।।२१।।

तदा दशांशा हुयात् दुग्ध पायस केशरैः।
तर्पयेत् तददशांशै जलैश्चन्दन मिश्रितः।।२२।।
अष्टगन्धाद्यै साधकाधीशस्तद् दशैरमार्जनं।
सदक्षिणादानं च साधनः भोजयेत् प्रियम्।।२३।।
एवं पुरस्क्रिया कृत्वा सिद्धि भवति कार्यम्।
अभक्तै नैव दातव्यं गोपित् रक्ष उदय।।२४।।

भावार्थः- हे उदयनाथ पार्वती या तो इस गुरु गोरक्षनाथजी के मूल मन्त्र को नित्य निशा रात्रि में (१२ से ३ बजे तक) तीन घंटी (सवा घण्टा) जप के ऐसा ४१ दिन (सवामास) सआनन्दभाव से विधि विधान से (जप) करे। तद्पश्चात् दुग्ध+केशर+खीर से एक दशांश हवन करे और जल+चन्दन मिश्रन से एक दशांश तर्पन करे और इसके एक दशांश अष्टगंध (और उपरोक्त तर्पन के जल) से मार्जन करे और इस मार्जन के एक दशांश साधु सन्तो को अन्न वस्त्र दान दक्षिणा करे। इस प्रकार पुरश्करण करने पर सभी कार्य सिद्ध हो जाते है। किन्तु हे उदयनाथ पार्वती यह विधि अभक्त (दुष्ट दुर्जन, रोगी, कपटी राजनीति इ०) को न बताकर यह गुप्त रखे।।२१-२२-२३-२४।।

अथ गोरक्ष ज्योत विधानम

अथ सपवक्ष्यामि गोरक्षंज्योत मुत्तम।
कृतेन येन विघ्नौघो विलपवायाति मन्त्रिणा।।२५।।
सप्तधान्यमेकं च मूहूर्तमुत्तानम्।
एकीकृत्य विधातव्यो दीपः सुस्निग्धशोभनः।।२६।।
षठत्रिशंत्तन्तुभिः कार्या दृढावर्ति सुरञ्जिता।
गोघृतेनपुष्पेण तैलं केशारिणा दीपं ज्वलेत्।
एतान्यानीय पूर्व तु ततो ज्योतिं प्रदापयेत।।२७।।

भावार्थः- समस्त विघ्नों का नाश करने वाले गुरु गोरक्षनाथ जी उत्तम ज्योत विधान (विधि) कहता हूँ। उत्तम मुहर्त में शुद्ध सप्त धान्य बीजों को एकत्र कर सुन्दर दीप बनाये। फिर छत्तीस तन्तु की बत्तियां बनाकर पहले से इकट्ठा किये गये गाय के घी कुसुम पुष्प या केशर के तेल से ज्योत जगाकर (जलाकर) श्री गुरु गोरक्ष नाथ जी को पदान करे।।२५-२६-२७।।

कषाय रक्त वस्त्र परिधाय शुचीः क्षमी।
कुशासनो पविष्ठश्च गृहीतं रुद्रमाल्यादिकम्।।२८।।
उत्तराङ्ग समो भूत्वा पंचाकेन भूमौशुदृयेत्।
स्थापनं कृत्वा यन्त्रं तु दीपं संस्थाप्य तदोपरि।।२९।।
घृततमापूर्य वर्तिकाच ज्योत प्रज्वालयेत सुधी।
गोरक्ष मन्त्रं सम्मुच्चायं चेती, ज्योत ततौ वदेत्।। ३०।।
संकल्प -न्यास पूर्व तु जपेदष्टोत्तरं शतम्।
मालोमकं जपेत्नित्यं निशौरात्रौमासमे वहि।। ३१।।

असाध्य साधयेत् कार्य जनान् वशयेत्क्षणात्।
जायते शत्रुस्म्भने द्रुह्यमुह्य सिद्धि प्रदम।। ३१ ।।

भावार्थः- भगवे या लाल वस्त्र पहनकर पवित्र और क्षमा शील होकर कुशासन पर बैठकर रुद्राक्ष माला लेकर उत्तर की ओर मुँह करके पंचगव्य (अर्थात् गौ का घी + गौ का दही + गौ का दूध + गौ का गोबर + गौ का मूत्र) से लेपन किये हुये भूमि पर यन्त्र { श्री नाथ सिद्ध गोरक्ष यन्त्र (तन्त्रम्)} निर्माण कर उस पर यत्न पूर्वक ज्योत को स्थापित करके, उसमें गौ घी भरकर ध्यान पूर्वक ज्योत प्रज्वलित करे, फिर गोरक्ष मूल मन्त्र का उच्चारण करते हुए, न्यास पूर्वक ज्योत का संकल्प करके एक माला मन्त्र जाप एक माह (सवा माह) तक रात्रि में (निशारात्रि में) करने से असाध्य, साध्य, शत्रुओं का वशीकरण, स्तम्भन, विद्वेषण आदि कार्य तुरन्त सिद्ध हो जाता है।। २८-२९-३०-३१-३२।।

।। इति श्री गोरक्ष तन्त्रे उदयनाथ-आदिनाथजी।।
संवादे षष्टमः अध्याय सम्पूर्णम्

नित्य जप साधना हेतु कुछ मन्त्र-

अथ् गोरक्ष गायत्री मन्त्र

ॐ ह्रीं श्रीं गों गोरक्षनाथाय विद्महे शून्य पुत्राय।
धीमहि तन्नो गोरक्ष निरन्जन प्रचोदयात्।।
ॐ ह्रीं श्रीं गों हुं फट् स्वाहा।
ॐ ह्रीं श्रीं गों गोरक्ष हुं फट् स्वाहा।
ॐ ह्रीं श्रीं गों गोरक्ष निरान्जनात्मने हुं फट् स्वाहा।
ॐ ह्रीं शिव ग्रों गोरक्ष नमः ।

अथ सप्तमोऽध्यायः

।। सर्वरक्षेद् गोरक्षं अस्त्र च मन्त्रः।।

(सर्व रक्षा होने के श्री गोरक्षनाथजी का मंत्र तथा अस्त्र)

"श्री उदयनाथ उवाच"

महानाथं आदिनाथ करुणावरुणालयम्।
सर्वारिष्टं मुक्तिं च साधनं वद्में प्रभो।।१।।

भावार्थः-श्री उदयनाथ ने कहा हे महानाथ आदिनाथजी आप दया के सागर मुझे सर्व संकटों से खुद की मुक्ति (रक्षा) करने का वास्तव में साधन बतलाओ।।१।।

"श्री आदिनाथजी उवाच"

सर्वारिष्टं मुक्ति श्रृणु उदय परंगुह्यम्।
यस्य स्मरण मात्रेन रक्षारिष्ट भवेत् क्षणात्।।२।।
गुह्यतरं उदयनाथ तव स्नेहाद वितन्यते।
सदा शुचिः साधकेन्द्र प्रयोग तु समाचरेत्।।३।।
पूजयित्वा नाथ यंत्र पंचोपचारे साधकाः।
महाऽऽनन्द मयो भूत्वा, साधयेत् मन्त्रः महत्।।४।।

भावार्थः-श्री आदिनाथजी ने कहा हे उदयनाथ पार्वती सर्व संकटों से मुक्ति करने वाला मुक्ति मंत्र सुनो इसके स्मरण मात्र से सर्व संकटों से क्षणभरात रक्षा होती है। हे उदयनाथ यह गुप्त से गुप्त बात तुम्हारे स्नेह के कारण बताता हूँ। सदासर्वदा पवित्र रहने वाला श्रेष्ठ साधक को इस प्रयोग को करना चाहिए। श्री नाथ यन्त्र का पंचापचारे

पूजन षष्ठोऽध्यायः मे वर्णित कर अत्यत आनन्दमय होकर इस महान मत्र को कर।।२३-४।।

''सर्वारिष्ट मुक्त गोरक्ष मंत्रः''

ॐ नमो आदेश नाथ गोरक्षं नमो आदेश। परंयोग परिपूर्णः चमत्कारं ऋद्धि सिद्धिंप्रदम् शाबर प्रतापं, मम सर्वारिष्ट निवाराय। मम शत्रून मुष्ट, मुष्ट मुष्ट सम्पश्चतात्। ये न अस्त्र शस्त्रेण मम शत्रुं वाचं मुखं पदं स्तम्भय् स्तम्भम् तं यन्त्रं मन्त्रं बुद्धि तन्त्रं विनाशय विनाशय, अपर बुद्धि कुरु कुरु, आत्म विरोधिनां शत्रुणां सर्वाङ्गु शीर्षात्पादपर्यन्तं, पदशाकेश पर्यन्तं।स्तम्भय खे खी मारय, मारय, परमंत्र परंयन्त्र परंतत्राणि छेदय, छेदय ममात्मानं मन्त्र-तन्त्र यन्त्राणि रक्ष रक्ष ग्रहा निवारय निवारय, ॐ हूँ जूं स मृत्युन्जयाय मम आधिं व्याधि विनाशय विनाशय दुःखं हर हर हरेश्वराय मम द्रारिद्रयं निवारय निवारय रुद्र रुपाय सर्व मन्त्रतन्त्रयन्त्राणि स्वरुपेण, गुह्य शाबरीश्वराय यः परं सिद्धिः चमत्कार प्रयोगं सर्व तत्वदर्शी रुप यः अखण्ड ब्रह्माण्ड मण्डलाधरं मम दुष्ट ग्रह भूत ग्रह आकाश ग्रह-पाषाण ग्रह, सर्व चाण्डाल ग्रह

